देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 326 । भोपाल, रविवार 26 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

मजदूरों से भरा ऑटो हड्डी मिल के पास पलटा पृष्ठ 2

- दुःख का अधिकार
- नानक नाम चढ़दी कलां-तेरे भाणे सरबत दा भला पृष्ठ 4

- कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियां, तासी स्नान के लिए पहुंचेंगे हजारों श्रद्धालु पृष्ठ 6

बदमाशों ने बंधक बनाकर लूटे साढ़े 3 लाख के जेवर और नकदी पृष्ठ 8

शॉर्ट-सर्किट से रुई में भड़की चिंगारी

घर में लगी आग से दंपत्ति समेत 3 जिंदा जले, 2 गंभीर

मोतिहारी, एजेंसी। मोतिहारी में एक घर में भीषण आग लग गई। इसमें परिवार के तीन लोग जिंदा जल गए। वहीं दो की हालत गंभीर बताई गई है। लोगों का कहना है कि शनिवार सुबह गोदाम में रखी रूई में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई, जो देखते-देखते पहली मंजिल तक पहुंच गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घर के अंदर मौजूद पांच लोग फंस गए थे।

फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने में काफी वक्त लग गया। इस दौरान परिवार 3 लोगों की मौत हो गई। इसमें रौशन पड़ित (28), उसकी पत्नी कविता देवी (24) और उनकी बहन सालू (15) शामिल हैं। वहीं रौशन के पिता सुबोध पड़ित (47) और मां सुभावित देवी (42) की हालत नाजुक है। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। घटना घोड़ासहन थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी के पास की है।

बताया गया है कि सुबोध पड़ित अपने परिवार के साथ शुक्रवार रात घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर सोये थे। सुबह करीब छह बजे के आसपास घर में नीचे से आग लग गई। घर के नीचे रुई और प्लास्टिक का गोदाम से आग की शुरुआत हुई थी। जहां आग लगी वहीं घर की सीढ़ी हैं। इस वजह से वे घर से बाहर नहीं निकल सके। आग का धुआं देख कर आसपास के लोग वहां जमा हो कर अपने अपने घर के छत से पानी फेंक कर किसी तरह आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।

इसी बीच फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, किसी तरह ग्रामीणों ने घर के दीवार को तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक तीन लोगों की मौत हो गई थी। इन्हें आनन फानन में मोतिहारी भेजा गया। जहां एक की मौत हो गई। वहीं सुबोध पड़ित का निजी नर्सिंग होम में जबकि उनकी पत्नी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घर के मालिक सुबोध पड़ित ने छत से नीचे कूद कर खुद की जान बचाई। वहीं उनकी पत्नी को ग्रामीणों ने दीवार तोड़ कर बाहर निकाला। इधर, सभी घायल को जब ग्रामीण लेकर स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां डॉक्टर नहीं थे। इसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया।

कार में आग लगने से 2 युवकों की जान गई

नई दिल्ली, एजेंसी। नोएडा के सेक्टर-119 में शनिवार को एक कार में आग लगने से उसमें बैठे 2 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। सफेद रंग की यह कार सुबह-सुबह आम्रपाली प्लैटिनम सोसाइटी के सामने से गुजरी थी। सीसीटीवी में इसकी तस्वीरें भी कैद हुई हैं और तीन मिनट बाद अचानक उसमें आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। यह देख लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कार की आग पर काबू पाया गया। कार में दो पुरुषों के शव मिले हैं, जिनकी पहचान सोसाइटी के विजय चौधरी (27) और सेक्टर-53 निवासी अनस (27) के रूप में हुई है। दोनों पेशे से इंजीनियर थे। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि ये सुबह करीब 6.08 मिनट पर ये कार इस सोसाइटी के आगे खड़ी हुई थी और कुछ ही देर बाद अचानक उसमें आग लग गई। कार कहां से आई और मृतक कहां से लौटे थे, इसकी जानकारी अभी तक नहीं नहीं मिल पाई है। अन्य सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

नहर में बही कार, मां बेटी की मौत, पिता की बची जान

भोपाल, देशबन्धु। खरगोन के बड़वाह में अचानक एक कार नहर में बह गई। इस हादसे में जहां मां-बेटी की डूबने से मौत हो गई, हालांकि पिता ने जैसे-तैसे नहर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। हादसा आज शाम तकरीबन साढ़े 5 बजे के लगभग हुआ। जानकारी के मुताबिक यह परिवार ओंकारेश्वर जा रहा था कि बड़वाह की पंचवटी के पास अचानक कार नहर में उतर गई और तेज बहाव में बह गई वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस, गोताखारों और स्थानीय लोगों की मदद से महिला और बच्ची को पानी से बाहर निकाल लिया। मृतकों को बचाने के लिए भरसक प्रयास किए गए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। पुलिस ने हादसे में मृतक मां-बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सौम्या हत्याकांड के 4 दोषियों को उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली, देशबन्धु। पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में दिल्ली कोर्ट ने 15 साल बाद शनिवार को दोषियों को सजा सुनाई। साकेत कोर्ट ने कहा कि अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस की कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए मौत की सजा की अपील खारिज की जाती है। ट्रायल जस्टिस रविंद्र कुमार पांडे ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को 3 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को कोर्ट ने 5 आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार, अजय सेठी और बलजीत मलिक को दोषी करार दिया था।

सिलक्यारा सुरंग : फिर बाधित हुआ बचाव अभियान

सुरंग के भीतर टूटी बरमा मशीन

उत्तरकाशी, देशबन्धु। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए अभियान चल रहा है लेकिन इस बीत अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने शनिवार को बताया कि सुरंग में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान के 14वें दिन बरमा मशीन खराब होने से अब इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है क्योंकि यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बचाव अभियान में ऑगर (बरमा) मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है जो मलबे के बीच से ड्रिलिंग कर रही है लेकिन रास्ते में धातु बाधा आने पर इसका काम रुक जाता है। इस बीच कई बार बरमा मशीन में खराबी का सामना करना पड़ा है। बचावकर्मी अब बरमा मशीन को निकाल रहे हैं। इसके बाहर आने पर मैन्युअल ड्रिलिंग और वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी। फिलहाल मुख्यमंत्री धामी एक बार फिर टनल पर पहुंचे हैं। उन्होंने वर्टिकल ड्रिल पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विशेषज्ञों की सलाह से आगे के एक्शन पर फैसला लिया जाएगा। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि फिलहाल 47 मीटर की खुदाई हो चुकी है, उसे स्थिर रखना है और बरमा मशीन का टूटा हुआ हिस्सा हटाना है।

कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

देहरादून, एजेंसी। उत्तरकाशी सिलक्यारा में 14 दिन से टनल में फंसे मजदूरों को निकालने की लगातार कोशिश की जा रही है। हर दिन मजदूरों के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई न कोई बाधा आ जाती है। जिसके कारण अभी तक टनल में फंसे मजदूरों को नहीं निकाला जा सका है। वहीं, टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में हो रही देरी के मामले पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। मामले में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार और सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बाकायदा इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया है।

अब धैर्य की जरूरत है

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने कहा कि अब धैर्य की जरूरत है क्योंकि बचावकर्मियों को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति युद्ध जैसी है और ऑपरेशन को लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है।

तेलंगाना में प्रचार के लिए जुटे दिग्गज

राहुल बोले-मोदी के 2 यार, ओवैसी व केसीआर

हैदराबाद, देशबन्धु। कांग्रेस सनेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में आदिलाबाद जिले में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के दो यार हैं। एक ओवैसी और एक केसीआर हैं। केसीआर चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी दिल्ली में प्रधानमंत्री रहें। वहीं, नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि केसीआर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रहें।

मोदी ने भी इंडिया गठबंधन को घेरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन और बीआरएस पार्टी पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि भले ही टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया और यूपीए ने अपना नाम बदलकर इंडिया गठबंधन कर लिया, लेकिन इससे उनका भ्रष्टाचार और कुशासन का इतिहास नहीं बदलेगा।

राहुल के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा, तत्काल कार्रवाई की मांग

राहुल गांधी बनाम भाजपा की लड़ाई गहराती जा रही है। अब राहुल के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लकर भाजपा ने चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज करा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए उन पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि राहुल के एक्स पर किए एक पोस्ट जिसमें स्वास्थ्य सेवा,गैस सब्सिडी, कृषि ऋण राहत,अंग्रेजी शिक्षा,ओबीसी आरक्षण से संबंधित वादे के साथ ही राजस्थान में चल रही मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया था,वह 48 घांटे की मौन क्षेत्र सीमा का उल्लंघन है।

राजस्थान में 70 फीसदी से अधिक मतदान

- सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर में हुआ
- सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर शनिवार शाम 6 बजे मतदान सपन्न हो गया। राज्य में 70 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के अनुसार शाम 5 बजे तक प्रदेश में 68.24 फीसदी मतदान हुआ है। जबकि मतदान के लिए निश्चित समय शा1 6 बजे तक 70 फीसदी से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग कर चुके थे। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर जिले में हुआ, जबकि सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया गया।

भरतपुर जिले की कामां व नगर में विवाद

भरतपुर जिले की कामां और नगर विधानसभा क्षेत्र में विवाद हुआ। नगर विधानसभा क्षेत्र के सुकेत गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के बूथ पर हंगामा कर दिया। यहां एक व्यक्ति दीवार फांदकर बूथ में घुस गया और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मारपीट शुरू कर दी। उसने वीवीपैट में तोड़फोड़ की। हंगामे की वजह से करीब 30 मिनट तक मतदान बंद रहा। धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में खुले का पूरा गांव में बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की गई। यहां लोगों की फ्लाइंग स्क्वॉड के मजिस्ट्रेट हरिओम सिरवार से झड़प हो गई। गाड़ी में तोड़फोड़ कर ड्राइवर से मारपीट की। कैमरामैन का कैमरा और फोन छीनकर ले गए। इसके बाद गांव के दो पक्षों के बीच फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। घटना में मजिस्ट्रेट के ड्राइवर सहित तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई कला गांव में भी फायरिंग का मामला सामने आया। कंचनपुर के एक मतदान केंद्र पर बसपा प्रत्याशी जसवंत गुर्जर और भाजपा कैंडिडेट गिर्राज मलिंगा के समर्थक आमने-सामने हो गए। वहीं अब्दुलपुर गांव में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव कर दिया।

फतेहपुर शेखावाटी में 2 गुटों में झगड़ा

सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना बोचीवाल भवन के पीछे बूथ संख्या 128 से 200 मीटर दूर मोहल्ले में हुई। पथराव में एक कॉन्स्टेबल समेत 3 लोग घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है। जोधपुर के लूणी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल के कार्यालय पर हमले का आरोप लगाया। सीकर, श्रीगंगानगर जिलों के कई बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान में देरी हुई। अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी वोट करने पहुंचे। टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की वोटर भूली देवी ने भी वोट डाला।

सार समाचार

जमीनी विवाद में भिड़े चाचा-ताऊ के परिवार

गुना, देशबन्धु। जिले के राघौगढ़ थानांतगज़्त ग्राम सुंदरखेड़ी में जमीनी विवाद में चाचा-ताऊ के परिवार आपस में लड़ बैठे। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीम सिंह पुत्र प्रेमनारायण लोधा ने थाने में शिकायत दजज़ कराई कि वह गत दिवस अपने घर पर बैठा था। तभी उसका चाचा का लडक़ा परमाल लोधा उससे बोला कि अपनी सामलाती जमीन है उसमें से मुझे हिस्सा दे दो। जिस पर फरियादी ने कहा कि तू पटवारी से जमीन नपवाले और तेरे हिस्से की जमीन ले ले। इसी बात पर परमाल गाली गलौंच कर बोला कि मुझे आज ही चाहिए। इस दौरान आरोपी परमाल ने भीम सिंह केसाथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने उनकी मां सम्पत बाई आई तो आरोपी की परिवार की पूजाबाई, राजकुमारी बाई ने उनकी मां की चप्पलों से पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश पर मामा-भांजे के साथ मारपीट

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली थानांतगज़्त पुरानी छावनी क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने मामा-भांजे के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुनील रजक निवासी पुरानी छावनी सरकारी स्कूल के पास ने कोतवाली में शिकायत दजज़ कराई कि गत शाम वह अपने घर पर खाना खा रहा था। इस दौरान उनका भांजा पवन रजक एवं दीदी कृष्णा रजक भी घर पर ही थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर संजय बाल्मीकी, बंटी बाल्मीकी, अनूप बाल्मीकि और हषज़ बाल्मीकि उनके घर के सामने आये और दीदी के साथ गाली गलौंच करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने फरियादी पवन के सिर पर लोहे के नुकीले हथियार से हमला कर दिया। वहीं लाठी-डंडे से उनके भांजे एवं दीदी के साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दजज़ किया है।

मजदूरों से भरा ऑटो हड्डी मिल के पास पलटा

- आधा दर्जन से अधिक घायल

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली थानांतगज़्त मजदूरों से भरा ऑटो जगनपुर चक हड्डीमिल के निकट पलट गया। जिसमें आधा दजज़न से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भतीज़ कराया गया है। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी लोग हम्माली का काम करते हैं और शनिवार सुबह रेक खाली कराने के लिए आरोन के लिए निकले थे। लेकिन हड्डीमील के पास सडक़ पर गाय को बचाने के प्रयास में ये हादसा घटित हो गया। नानाखेड़ी पिपरोदा निवासी घायल बबलू कुशवाह ने बताया कि सुबह हम मंडी से आरोन के लिए निकले थे। यहां हमें रेक खाली कराना था। आटो रिक्शा में आठ हमाल थे, सभी आरोन जा रहे थे। आटो जैसे ही हड्डी मील के पास पहुंचा तो गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया और खेत में जा गिरा। घटना में आटो में बैठे सभी मजदूर घायल हो गए। घायलों में भानु कुशवाह, महेंद्र कुशवाह, आटो चालक अमित रजक, जगदीश आदिवासी, वीरेंद्र धाकड़ , गोपाल चंदेल, बबलू कुशवाह और संजय अहिरवार शामिल हैं। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जिसमें दो मजदूरों की हालत गंभीर बताई जाती है। फ्लिहाल पुलिस ने मामला दजज़ कर जांच शुरू कर दी है।

एबी रोड किनारे खड़ा ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

- मंडी में सोयाबीन बेचकर खाद खरीदने गया था किसान

गुना, देशबन्धु। जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में चोरों का आतंक सिर चढक़र बोल रहा है। रात के अंधेरे में तो छोड़ों दिन दहाड़े चोर ट्रेक्टर सहित दो पहिया-चार पहिया वाहन आसानी से चोरी कर रहे हैं। गत दिवस नानाखेड़ी मंडी में सोयाबीन बेचने आए किसान का ट्रेक्टर-ट्रॉली ही एबी रोड से अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। हालांकि ट्रॉली पास में ही स्थित सिंधिया कॉलोनी में लावारिस हालत में मिली। लेकिन अभी तक ट्रेक्टर का अता-पता नहीं चला है। मामले में केंट पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दजज़ किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के म्याना थानांतगज़्त ग्राम छीरखेड़ा निवासी फरियादी रामवीर पुत्र कमरजी धाकड़ शुक्रवार को गांव से ट्रेक्टर ट्राली में सोयाबीन भरकर बेचने गुना मंडी आया था। मंडी में डाक एवं तुलाई उपरांत किसान ने अपना ट्रेक्टर क्रमांक एमपी एमपी 33 एए 5160 दोपहर 2:10 बजे से संधू गाडज़न के सामने यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ा कर दिया। जिसके बाद किसाना मंडी गेट के सामने ही दुकान पर खाद लेने चला गया। करीब आधे घंटे बाद वह वापस आया तो ट्रेक्टर-ट्रॉली गायब थे। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। हालांकि देर शाम ट्रॉली घटना स्थल से कुछ दूर स्थित सिंधिया कॉलोनी में लावारिस हालत में मिली। लेकिन ट्रेक्टर का अता-पता नहीं चल सका। फ्लिहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

मेंटीनेंस के चलते आज रहेगी बिजली गुल

गुना, देशबन्धु। मेंटीनेंस के चलते रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक (शहर) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार अलग-अलग स्थानों पर मेन्टीनेंस कार्य किया जाना है। जिसके तहत 33 केव्ही पावर हाउस सब-स्टेशन से पोस्ट मेंटीनेंस कायज़ हेतु 26 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे कोर्ट परिसर, न्यू कलेक्ट्रेट परिसर, एसपी बंगला, हाट रोड, हनुमान चौराहा, पुरानी गल्ला मण्डी, राधा कॉलोनी एवं छाबडा कॉलोनी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33/11 केव्ही एआईआर सब-स्टेशन से मेन्टीनेंस कायज़ हेतु दिनांक 26 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक कुशमौदा फीडर एवं 33 केव्ही सहारा फीडर पर विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा, जिससे विंध्यांचल कॉलोनी, बलवंतनगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेडापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी एवं मारूति शोरूम सामने वाले क्षेत्र, सहारा होटल, स्टार हॉस्पिटल एवं पुराना औद्योगिक क्षेत्र आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। 33/11 केव्ही नानाखेडी सब-स्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही सेंट्रल स्कूल फीडर का पोस्ट मेन्टीनेंस कार्य के चलते 26 नवम्बर 2023 को दोपहर 01 बजे से दोपहर 03 बजे तक सेंट्रल स्कूल, नानाखेडी मण्डी, दलवी कालोनी, ऊमरी रोड, गायत्री मंदिर से नानाखेड़ी तक का एबी रोड वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त विद्युत कटौती की अवधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

कस्तूरबा कॉलेज में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस मनाया

गुना, देशबन्धु। शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मागज़्दशज़न प्रकोष्ठ के अंतगज़्त महाविद्यालय की प्राचायज़ डॉ विनीता जैन के निदेज़्शन में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस मनाया गया। जिसमें सवज़्प्रथम उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विनीता जैन ने उनका विस्तृत जीवन प्रसंग बतलाकर छात्राओ को धमज़ के प्रति सचेत रहने की प्रेरणा दी।

इतिहास विभाग से डॉ. पूनम पारीक ने गुरु तेग बहादुर जी की पीढ़ी दर पीढ़ी के बलिदानी चरित्र को रख त्याग और बलिदान की प्रेरणा दी। पुस्तकालय अध्यक्ष सोनू सिसोदिया ने गुरु तेग बहादुर के संबंध में गुरुद्वारे से प्राप्त जानकारी और अनुभवों को छात्राओं के बीच साझा किया। कीतिज़ सोनी ने समय और समाज के अनुकूल आचरण की बात कही। कायज़्क्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मागज़्दशज़न प्रकोष्ठ प्रभारी प्रीति यादव के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष हम गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस मनाते आए हैं और उन्हें पुष्पांजलि अपिज़्त कर उनकी शहादत को याद करते हैं। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद कॅरियर मागज़्दशज़न प्रकोष्ठ के अंतगज़्त हुई प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र छात्राओं को वितरित किए गए। आभार ज्ञापन प्रकोष्ठ सदस्य प्रशांत आयज़ ने किया। इस अवसर पर दिवाकर तिवारी, जावेद अली, अशोक, मिथुन धाकड़ व महाविद्यालय के अन्य सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

मुर्गे में धनिया डालने को लेकर साले ने की जीजा से मारपीट

गुना, देशबन्धु। जिले के आरोन थानांतगज़्त मठ मोहल्ला में घर में बन रहे मुगेज़ में धनिया डालने को लेकर साले ने दूर के जीजा के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राकेश पुत्र महाराज सिंह कुशवाह निवासी मठ मोहल्ला आरोन ने थाने में शिकायत दजज़ कराई कि वह मठ मोहल्ला का रहने वाला मजदूर है। शुक्रवार रात को उनके ताऊ बाबूलाल के घर मुर्गा बन रहा था। तभी उसने अपने दूर के साले रुपा कुशवाह से बोला कि जो मुगाज़ बन रहा है उसमें थोडा धनिया डाल दो। इसी बात पर से रुपा कुशवाह ने गाली गलौंच कर बोला कि तू कौन है मुझे ऑडर देने वाला। इसी बात पर रुपा ने फरियादी पर डंडे से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी साले पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

स्व.विद्यावति देवी की पुण्यस्मृति में लगा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

गुना, देशबन्धु। लायन्स नेत्र चिकित्सालय द्वारा स्व. विद्यादेवी-स्व. पूरनचंद जैन की पुण्य स्मृति में मानस भवन में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियिबिन्द शिविर आयोजित किया गया। इस कायज़्क्रम का शुभारंभ उनके पुत्र विजय जैन पुत्रवधूचंदा जैन द्वारा चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यापज़्ण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लायंस नेत्र चिकित्सालय के चेयरमेन आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, गुलशन डाबर, अमरजीत सिंह सलूजा, रमेश खण्डेलवाल, हरीश रतरा, संतोष जैन, रीता जैन द्वारा स्व. विद्यादेवी-स्व. पूरनचंद जैन को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अपिज़्त की। नेत्र परीक्षण शिविर में 214 मरीजों का परीक्षण कर 53 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेषन के लिये चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन नि:शुल्क किए गए। लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में नेत्र दान की सुविधा उपलब्ध है। जिससे मरणोपरांत नेत्र दान कर किसी के भी आंखो की रोशनी बन सकते हैं। अभी तक लायंस नेत्र चिकित्सालय में 7 पुण्यआत्माओं के नेत्र दान कर चौदह लोगों की जिंदगी में रोशनी प्रदान की। ज्ञातव्य रहे कि लायंस नेत्र चिकित्सालय के द्वारा अब तक 62000 से अधिक के सफल मोतियाबिन्द ऑपरेशन किये जा चुके है। लायंस नेत्र चिकित्सालय में चिकित्सीय उपकरण बैंक की सुविधा किरण सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से नि:शुल्क उपलब्ध है। जिसमें व्हील चेयर, पलंग, गद्दा, बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर इत्यादि उपकरण उपलब्ध है।

विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से छात्रों को दी कानून की जानकारी

आष्टा, देशबन्धु। प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निदेज़्शन में तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष प्रथम जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में कंचन सक्सेना, द्वितीय जिला न्यायाधीश, के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सक्सेना द्वारा 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया। जिसमें सभी अभिभाषकगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहें। प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निदेज़्शन में तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा अध्यक्ष प्रथम जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में श्रीमती ऋचा सिंह राजावत, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला, में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती राजावत द्वारा बच्चों से संबंधित कानून, एवं बाल विवाह के संबंध में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकगण, छात्राएं उपस्थित रहीं।

नेत्र परीक्षण शिविर में 260 लोगों की आंखों की हुई जांच, 75 के होंगे ऑपरेशन

आष्टा, देशबन्धु। श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वधान में शुक्रवार 24 नवंबर को सिविल अस्पताल परिसर में विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया , जिसमें 260 लोगों की आंखों की जांच कर 75 मोतियाबिंद के रोगियों को ऑपरेशन हेतु चिन्हित कर आनंदपुर नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। वहीं जिन लोगों के पहले ऑपरेशन शिविर में हो चुके थे , ऐसे 50 लोगों को नि:शुल्क चश्मा भी इस अवसर पर दिए गए।

बीएमओ डॉ सुरेश कुमार माहोर एवं डॉक्टर अतुल उपाध्याय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वधान में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया । जिसमें सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा शिविर में आने वाले लोगों की आंखों की जांच कर मोतियाबिंद आदि के नेत्र रोगियों को चिन्हित कर नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के वाहन से सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लेकर गए।ऑपरेशन के पश्चात वापस सिविल अस्पताल

में ऑपरेशन कराने वालो को छोड़ा जाएगा नेत्र शिविर में 75 मरीज चिह्नित, मोतियाबिंद का होगा ऑपरेशन। डॉ उपाध्याय ने बताया कि इस नि:शुल्क नेत्र शिविर में 260 मरीजों ने नेत्र परीक्षण के लिए पंजीयन कराया। जिनमें 75 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। डॉक्टर उपाध्याय ने बताया कि जिन मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। उन्हें ऑपरेशन के लिये आनंदपुर नेत्र चिकित्सालय ले जाया गया। इस दौरान मरीजों का आना-जाना, खाना, दवाइयां एवं मोतियाबिन्द आपरेशन का खर्च आदि नि:शुल्क रहेगा।

चुनाव परिणाम के पहले उम्मीद की जीत का जश्न मनाया



आष्टा, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के उपरान्त कांग्रेस नेता सुनील सेठी द्वारा विधानसभा चुनाव कांग्रेस से लड़े कमलसिंह चौहान का जीत की उम्मीद रख एक कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं नेता शामिल हुए इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार कांग्रेस नेता हिफ्ज़ुर्रहमान भैया मियां, डॉ मीना सिंगी, कमल सिंह पहलवान, भीमसिंह ठाकुर, डॉ ओपी वर्मा, शांतिलाल मंडलोई, मेहरबान सिंह मुंदीखेड़ी राजेंद्र भरेवा मंसूरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष इदरीस मंसूरी ,ऋषि पटेल ,ठाकुर प्रसाद वर्मा, मंसूरी समाज के जिलाध्यक्ष जहूर मंसूरी ,गोरे मिया ,धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, चंद्र सिंह ,हाजी सेरुद्दीन, रतन सिंह ठाकु राशिद नेताजी शेख नईमुद्दीन, संदीप ठाकुर निर्मल देशलेहरा भोलू सिंह ठाकुर और सिद्धार्थ सेठी नानू द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। सुनील सेठी, राहुल सेठी द्वारा किया गया।

हरिपुर रोड से 60 लीटर अवैध शराब के साथ एक पकड़ा

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा हरिपुर रोड पुलिया के पास से अवैध रूप से शराब बेचते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 60 लीटर अवैध शराब जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हरिपुर रोड पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति हरिपुर रोड पुलिया के पास लाईट के खंभे के नीचे दो सफेद प्लास्टिक की कैन लिये बैठा दिखा। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम भगवान सिंह कुशवाह पुत्र स्व.आनंदी लाल कुशवाह निवासी जोगी मोहल्ला पुरानी छाबनी बताया। जिसके पास से प्राप्त दोनो प्लास्टिक की कैनों में से पुलिस ने कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट में कारज़्वाई की।

चालानी कार्यवाही : 11 वाहन चालकों से वसूले 33 सौ रुपए



आष्टा, देशबन्धु। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद प्रदेश भर में जोरशोर से चालानी कार्यवाही की जा रही है, इसको लेकर पुलिस सख्ती के साथ चालानी कार्यवाही करती नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के आदेश और एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन मे पार्वति थाना प्रभारी कृष्णपाल शुक्ला और उनकी टीम द्वारा थाने के सामने चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 9 मोटरसाईकिल बगैर हेलमेट एवं 2 सीट बेल्ट कार चालक के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। जिनसे 33 सौ रुपए चालानी शुल्क जमा कराया।

उधारी के पैसे मांगने गए भाईयों पर किया हमला

गुना, देशबन्धु। जिले के आरोन थानांतगज़्त ग्राम भौंरा में उधार दिए पचास हजार रुपए वापस मांगने पर चार व्यक्तियों ने दो भाईयों पर हमला कर दिया। जिसमें उन्हें चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मनोज पुत्र ओमकारसिंह रघुवंशी निवासी ग्राम भौंरा ने अपने भाई घायल सुखबीर रघुवंशी के साथ थाने में शिकायत दजज़ कराई कि उसने ग्राम बमूरिया के बलबीर रघुवंशी को 12 अक्टूबर 23 को पचास हजार रूपये उधार दिये थे। उसने कहा था कि दस बारह दिन बाद रुपए वापस कर दूँगा। जब उसने रुपए वापस नहीं किये तो फरियादी ने उससे कई बार कहा कि तो वह आज कल आज कर टरकता रहता था। शुक्रवार को फिर फरियादी ने बलबीर को फोन लगाकर पूछा कि तू कहाँ पर है मेरे रूपये दे दे। जिस पर बलबीर ने उसे पनवाड़ीहाट रोड पर एक दुकान पर बुला लिया। यहां जब फरियादी अपने भाई के साथ पहुंचा तो आरोपी ने कुछ देर रूकने का कहा। थोड़ी देर बाद ही राकेश, मुकेश तथा शिवम आये और चारों ने गाली गलौंच कर लाठी-डंडे, रॉड से हमला कर दिया। जिसमें उन्हें सिर, हाथ-पैर में चोटें आई हैं। फ्लिहाल पुलिस ने फरियादियों की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दजज़ किया है।

स्वास्थ्य केन्द्र पर लगा गर्भवती महिलाओं का परीक्षण व टीकाकरण शिविर

गुना, देशबन्धु। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर गभज़्वती महिलाओं का परीक्षण शिविर के अंतगज़्त समस्त गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच करम टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता शिल्पा कदम, अनसुईया शमाज़, सीमा शर्मा, समीना जाटव, सुनीता जैन, पिंकी चौहान, शलेज़्श शमाज़ आदि ने सभी गभज़्वती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर लाया गया एवं उनकी निशुल्क जांच कराकर टीकाकरण करवाया गया। इस अवसर पर स्टाफ निधि श्रीवास्तव द्वारा 35 गभज़्वती महिलाओं की ब्लड प्रेशर, 30 डायबिटीज एवं एचबी की जांच की गई। इसी क्रम में एएनएम उमा ठाकुर द्वारा 35 से अधिक गभज़्वती महिलाओं की जांच कर टीकाकरण किया गया। वहीं स्टाफ नसज़ वषाज़ कटरे द्वारा 09 गभज़्वती महिलाओं का ब्लड सैंपल लिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर रामवीर सिंह रघुवंशी मेडिकल ऑफिसर द्वारा 125 रोगियों का निशुल्क उपचार किया गया। शिविर में स्टाफ नसज़ निधि श्रीवास्तव, कविता धाकड़, सुमिता सेंगर, सौरभ रघुवंशी, मेहरबान अहिरवार आदि स्टाफमौजूद रहे ।

कैंट में पेंशनरों के लिए लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

इधर शनिवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केंट में निशुल्क पेंशनर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। प्रत्येक माह के चतुथज़ शनिवार को विवेक कॉलोनी कैंट एवं हीरा बाग कॉलोनी सहित पेंशनरों के लिए निशुल्क पेंशनर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक माह में किया जाता है। अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव ने बताया कि पेंशनरों के स्वास्थ्य को लेकर शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत कमज़्चारी संघ जिला गुना निरंतर प्रयासरत है। जिला अस्पताल गुना में प्रत्येक माह की द्वितीय शुक्रवार और शनिवार को निशुल्क पेंशनर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एवं डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी के विशेष सहयोग से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर प्रत्येक दिन पेंशनरों के लिए चेकअप के लिए सुविधा प्राप्त है। डॉ. बुनकर पूवज़ सीएमएचओ द्वारा भी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमोदा में भी सुविधा दी गई है। सीएमएचओ द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में निशुल्क पेंशनर स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु मेडिकल ऑफिसर को निदेज़्शित कर दिया गया है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि महा दिसंबर 2023 से प्रथम सप्ताह में

प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर संपकज़ कर निशुल्क पेंशनर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। आज के शिविर में संयोजक हरीश सोनी, जैनेंद्र जैन, सुरेश सक्सेना, रामगोपाल साहू, नाथूराम गहलोद, प्रताप सिंह परिहार, जगन्नाथ पुरी, रघुवीर सिंह, लालाराम, अशोक सक्सेना, पुनीत राम एवं डॉ. प्रदीप गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

सीबीआइ ने बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक को रिश्वत लेते पकड़ा

जूनियर से शिकायती जांच समाप्त करने के लिए मांगी थी रकम

भोपाल, देशबन्धु। सीबीआइ भोपाल की टीम ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के प्रधान महाप्रबंधक महेंद्र सिंह को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। उन्होंने अपने अधीनस्थ जूनियर टेलीकाम आफिसर से उनकी शिकायती जांच समाप्त करने के लिए 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

सीबीआइ के अधिकारियों ने बताया कि बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक महेंद्र सिंह अपने अधीनस्थ जूनियर टेलीकाम आफिसर अनुरोध साहू के विरुद्ध एक शिकायत की जांच कर रहे थे। उन्होंने आरोप पत्र से साहू का नाम हटाने के लिए 40 हजार रुपये की रिश्वत अपने मातहत राकेश यादव के माध्यम से मांगी थी। श्री साहू ने इसकी शिकायत की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में यह भी बताया था कि रिश्वत नहीं देने पर महेंद्र सिंह ने कार्रवाई की धमकी भी दी थी। इस शिकायत की जांच के बाद सीबीआइ ने शुक्रवार देर शाम साहू को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेकर सुल्तानिया रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय पहुंचाया। वहीं सीबीआइ टीम ने महेंद्र सिंह को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 15 हजार रुपये लेते समय धर दबोचा। हालांकि इस दौरान महेंद्र का सहयोगी राकेश यादव फरार हो गया है। लेकिन जांच टीम ने कार्यालय में अन्य कर्मचारियों से पूछताछ कर बयान दर्ज किए । साथ ही महेंद्र सिंह के घर में भी छापेमारी कर कुछ नकदी और आभूषण जप्त किए। वहीं जांच एजेंसी ने शनिवार को उन्हें न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए चार दिन (मंगलवार तक) अपनी अभिरक्षा में लिया है।

आयुष्मान कार्ड योजना में घोटाला

मैक्स अस्पताल के संचालक पर एक और मामला दर्ज

भोपाल, देशबन्धु। अदालत के आदेश पर केन्द्र सरकार की आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले मैक्स चिल्ड्रन अस्पताल के संचालक के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया गया है। इस बार तलैया पुलिस ने मुकदमा कायम किया है। इस मामले में अस्पताल संचालक पर आरोप है कि उन्होनें बच्चे के इलाज के पैसे उसके पिता से भी ले लिए तथा दस्तावेज लेकर आयुष्मान कार्ड के खाते से पैसे भी निकाल लिए।

तलैया थाना पुलिस के अनुसार टीला जमालपुरा की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले खालिद अली पुत्र जाकिर अली उम्र 26 वर्ष ने अपने तीन माहीने के बेटे को इलाज के लिए जनवरी 2022 में फतेहगढ़ स्थित मैक्स चिल्ड्रन अस्पताल में भर्ती कराया था। खालिद अली के पास आयुष्मान कार्ड था इस वजह से उन्होंने अस्पताल में बताया था कि इस कार्ड से ही इलाज कर दे। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने बताया था कि अभी हमारे अस्पताल को आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज की सुविधा नहीं मिली है। यह कहने के बाद भी उन्होंने खालिद अली से आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज जमा करवाने को कहा। लिहाजा खालिद ने वह दस्तावेज जमा करवा दिए। वहीं अस्पताल में इलाज के बाद उन्होंने 37 हजार रुपये का भुगतान कर दिए। लेकिन कुछ दिन बाद उन्हें पता चला कि उनके आयुष्मान कार्ड के खाते से भी अस्पताल की ओर से पैसे निकाले गए हैं। यह पता चलते ही उन्होंने अदालत में धोखाधड़ी का परिवाद लगाया था। इस पर सुनवाई करने के बाद अदालत ने पुलिस को प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने अस्पताल के संचालक डॉ.अलताफ मसूद के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया। वहीं पुलिस ने शनिवार दोपहर को अस्पताल संचालक की तलाश में अस्पताल में दबिश दी, लेकिन वे नही मिले। गौरतलब है इस अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ आयुष्मान कार्ड में फर्जीवाड़े के पूर्व में भी मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

सड़क किनारे पेशाब कर रहे दोस्तों को कार ने रौंदा, एक की मौत

भोपाल, देशबन्धु। सड़क किनारे पेशाब कर रहे दो दोस्तों को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद दोनों युवकों को इलाज के लिए जेपी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान गंभीर घायल एक युवक की शनिवार तड़के मौत हो गई, जबकि दूसरे को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस का कहना है कि बल्ली शाक्य उम्र 46 वर्ष मैदामील रोड राजीव नगर में रहते थे। वह ड्राइवर करते थे। वे गुरुवार की देर रात दोस्त दिंकू के साथ पार्टी कर घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्टेट आईटी सेंटर के सामने पेशाब करने के लिए अपनी मोटर साइकिल रोकी। बताया गया है कि जब दोनों सड़क किनारे पेशाब कर रहे थे। तभी एक अज्ञात कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बल्ली के सिर और हाथ पांव में गंभीर चोट थीं, जबकि टिंकु को मामूली चोट लगी थी। चूंकि हादसा बल्ली के घर के करीब ही हुआ था, लिहाजा किसी ने उन्हें पहचान लियाऔर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों को जेपी अस्पताल पहुंचाया । वहां से हमीदिया अस्पताल पहुंचा दिया गया। यहां एक दिन चले इलाज के दौरान शनिवार तड़के सुबह बल्ली की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

परिवार में इकलौता कमाने वाला था

मृतक के भाई शंभु शाक्य ने बताया कि बड़े भाई की दो बेटी सौम्या उम्र 18 वर्ष और भारती उम्र 16 वर्ष है। भाई अपने परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। त्योहार के दिन परिवार के मुखिया के साथ हुए हादसे के बाद परिवार की खुशिया मातम में बदल गई।

गैस त्रासदी मामला

फिर टली डाउ केमिकल्स के खिलाफ सुनवाई

अगली सुनवाई 6 जनवरी को

भोपाल, देशबन्धु। भोपाल जिला न्यायालय के विशेष न्यायाधीश विधान माहेश्वरी ने शनिवार को डाउ केमिकल्स मामले की सुनवाई की और सुनवाई की अगली तिथि 6 जनवरी तय कर दी।

अदालत में सुनवाई के दौरान द डाउ केमीकल कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता ने तर्क किया कि इस न्यायालय का क्षेत्राधिकार न होने पर आगामी स्तर पर तर्क करना चाहते है। इस पर भोपाल ग्रुप फोर इन्फोरमेशन एवं एक्शन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अवी सिंह ने आपत्ति जताई की न्यायालय को क्षेत्राधिकार होना या न होना उच्च न्यायालय ने एमसीआरसी 1377/2005 के आदेश 19 अक्टूबर 2012 में निर्णय कर दिया गया था। इस संबंध में पृथक से तर्क की आवश्यकता नहीं है। जिस पर न्यायालय ने अपने आदेश में लिखा के प्रकरण में सुगम एवं ऋजु कार्यवाही हेतु न्यायालय द्वारा यह सर्वप्रथम पक्षकारो को यह निर्देशित किया जाता है कि आगामी दिनांक पर उपरोक्त बिंदु पर तर्क प्रस्तुत करें। लिखित रूप से तर्क होने पर उनके लिखित जवाब हेतु समय नहीं दिया जायेगा एवं बिंदु पर तर्क श्रवण किये जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई और भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन व गैस पीड़ित संगठनों ने एक आवेदन भोपाल जिला न्यायालय में पेश किया था जिसमें बताया था की यूनियन कार्बाइड यूएस को द डाउ केमिकल कंपनी ने खरीद लिया था और अब उसका नया नाम द डाउ केमिकल कंपनी हो गया है, इसीलिए मामले में उसे आरोपी बनाया जाना चाहिए। मामले में पिछली सुनवाई में भी डाउ केमिकल कंपनी के अधिवक्ता की ओर से उपस्थिति पत्रक व आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

बीएमएचआरसी में 3 साल के बच्चे की ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी

भोपाल, देशबन्धु। भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में अब बच्चों में होने वाले ब्रेन ट्यूमर का इलाज शुरू हो गया है। अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने शिवपुरी के रहने वाले एक 3 साल के बच्चे के ब्रेन ट्यूमर की जटिल सर्जरी की है।

बीएमएचआरसी के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डा संदीप सोरते ने बताया कि 3 साल के बच्चे को चलने में काफी दिक्कत होती थी। चलने पर वह बार-बार गिर जाता था और लड़खड़ाने लगता था। बच्चे की जांच में दिमाग के पिछले हिस्से में ब्रेन ट्यूमर पाया गया। बच्चे को सर्जरी का फैसला किया गया, लेकिन शिशु रोग विशेषज्ञ की अनुपलब्धता एक अड़चन थी। निदेशक की अनुमति से शिशुरोग विशेषज्ञों की सेवाएं ली गईं। इस तरह डाक्टरों व सपोर्ट स्टाफ की पूरी टीम के सहयोग से बच्चे की सफल सर्जरी की गई।इस सर्जरी को पूरा करने में पांच घंटे से अधिक का समय लगा। बच्चे के माता-पिता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, लेकिन बच्चे का आयुष्मान भारत योजना से निशुल्क उपचार किया गया। बच्चे की हालत में काफी सुधार है। वह ठीक से चलने लगा है और धीरे-धीरे पूरी तरह स्वस्थ हो जाएगा। बच्चे के माता-पिता ने इस सफल सर्जरी के बीएमएचआरसी निदेशक और चिकित्सकों का आभार जताया है।

समय पर इलाज करना जरूरी

न्यूरो सर्जरी विभाग में सहायक प्राध्यापक डा सौरभ दीक्षित ने बताया कि छोटे बच्चों में ट्यूमर होना आम है। हालांकि यह क्यों होता है, इस बारे में निश्चित तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अगर सही समय पर इसका इलाज शुरू हो जाए तो बच्चा पूरी तरह ठीक हो सकता है। अगर इलाज में लापरवाही हो जो बच्चे को दिखना बंद हो सकता है और उसकी जान को खतरा भी पैदा हो सकता है।

इनका कहना है

सर्जरी के बाद मैंने स्वयं बच्चे और माता-पिता से मुलाकात की। बच्चे को स्वस्थ्य देखकर काफी खुशी और संतुष्टि हुई। हमने अब शिशुरोग विशेषज्ञों को सूचीबद्ध किया है। लिहाजा सर्जन अब अपनी आवश्यकता के अनुसार सर्जरी के दौरान शिशुरोग विशेषज्ञ की सेवाएं ले सकेंगे।

डा.मनीषा श्रीवास्तव
प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी

डॉ. बी.के. चौरसिया शतरंज विजेता बने

भोपाल, देशबन्धु। शासन द्वारा आईपीएस अकादमी इंदौर में मध्यप्रदेश सिविल सेवा शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शतरंज खिलाड़ी एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय निर्णायक उच्च शिक्षा विभाग के विधि प्राध्यापक डॉ.बी.के. चौरसिया विजेता बने। इसके साथ ही श्री चौरसिया सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता को सर्वाधिक जीतने वाले विजेता हो गए हैं। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि देवास कलेक्टर ऋषभ शुक्ला और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस आयुक्त मकरंद देवसर देउस्कर मौजूद थे। छह चक्र में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ियों सहित कुल 44 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 14 महिलाएं भी थी। इस प्रतियोगिता में पुलिस आयुक्त श्री देवसर और इंदौर के आईएएस अधिकारी अपर आयुक्त सिद्धार्थ जनै की सक्रिय भागीदारी रही, उन्होंने यहां उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन भी किया। प्रतियोगिता में श्री चौरसिया के अलावा पुरुष वर्ग में कटनी के शिखर वर्मा, भोपाल के दीपक चिवनडे, पुलिस आयुक्त मकरंद देवसर, श्री राजू सिंह शिल्पी और अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन ने भी टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पदमजा नायडू ने प्राप्त किया।

पर्यावरण से औरतों का सम्बन्ध समाज का एक अभिन्न हिस्सा: प्रो. विनीता

बच्चों के नाटक जादुई कोट और चार चोर का मंचन

भोपाल, देशबन्धु। एकलव्य फ़ाउंडेशन और क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय,द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होविशिका व्याख्यानमाला के अंतर्गत शनिवार को वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. विनीता बाल ने औरतें, विज्ञान, पर्यावरण व समाज विषय पर व्याख्यान दिया।

प्रो. विनीता ने कहा कि विज्ञान और पर्यावरण से औरतों का सम्बन्ध समाज का एक अभिन्न हिस्सा है। इस सम्बन्ध को मोटे तौर पर दो हिस्सों में समझा जा सकता है। अव्वल तो, किस तरह समाज औरतों के मनोभाव और व्यवहार पर एक सामाजिक-सांस्कृतिक परवरिश के नतीजतन असर डालता है, और क्या विज्ञान व तर्कसंगतता के मुद्दे को पर्याप्त अहमियत मिल पा रही है? उन्होंने कहा कि हम जो कुछ अपने इर्द-गिर्द देखते हैं, क्या उसमें प्रमुख योगदान पितृसत्तात्मक मनोभाव की भूमिका का होता है? दूसरा, किस तरह वे औरतें, जिन्होंने प्राकृतिक विज्ञान में औपचारिक उच्च शिक्षा हासिल की है, इस पितृसत्तात्मक समाज में अपने कौशलों का इस्तेमाल करने की कोशिश करती हैं? औरतें शिक्षक होने के साथ-साथ जीव विज्ञान, रसायनशास्त्र, इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान, गणित, आयुर्विज्ञान, भौतिकी आदि में शोधकर्ता भी हो सकती हैं। समाज उनके साथ कैसा बरताव करता है, वे आज क्या किरदार निभा रही हैं और आने वाले कल के लिए हमें कैसे किरदार की परिकल्पना करनी चाहिए? उदाहरणों और कुछ डेटा के साथ, प्रो. बाल ने इन सवालों

को सम्बोधित किया।

व्याख्यान के पहले संस्था के ही ज़मीनी कार्यक्रम से जुड़े बच्चों द्वारा अभिनीत एक नाटक जादुई कोट और चार चोर का मंचन किया गया। नाटक की कहानी अजय कार्तिक निर्देशित फिल्म करामाती कोट से प्रेरित है। नाटक में केसलवाड़ा, ओबेदुल्लागंज के बच्चो ने मुख्य भूमिकाएं निभाई। इसका निर्देशन अविजित सोलंकी ने किया। इसमें अनुभूति शर्मा ने संगीत दिया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के वैज्ञानिक माणिक लाल गुप्ता जी संविधान की उद्देश्यिका का पाठ किया। ज्ञातव्य हो कि होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम (होविशिका) के 50 साल और एकलव्य फाउंडेशन के 40 साल पूरे होने के मौक़े पर संस्था ने पिछले एक साल में कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इसी के अन्तर्गत शनिवार को भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

विश्व धरोहर सप्ताह का समापन

भोपाल, देशबन्धु। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा 19 से 25 नवम्बर को विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया, जिसका समापन शनिवार को राज्य संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम द्वारा किया गया।

विश्व धरोहर सप्ताह की अवधि में धुबेला महल धुबेला में सिक्कों की कहानी प्रदर्शनी, धार दुर्ग धार में चित्रकला प्रतियोगिता, राजवाड़ा इन्दौर में विरासत संरक्षण एवं रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान माला, मोतीमहल ग्वालियर एवं राज्य संग्रहालय भोपाल में भी व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। सप्ताह का समापन शनिवार को आयोजित प्रदर्शनी के समापन के साथ किया गया। इस अवसर पर इन्दिरा गांधी कला केन्द्र नई दिल्ली के छात्रों ने संग्रहालय का अवलोकन किया। छात्रों को पुराविदों द्वारा मप्र की विरासत से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुरातत्वीय अधिकारी डॉ. रमेश यादव द्वारा मप्र. में चल रहे प्राचीन मंदिरों की पुनर्संरचना पर अपना व्याख्यान भी प्रस्तुत किया गया। प्रो, किरण अरोड़ा, इन्दिरा गांधी कला केन्द्र द्वारा पुरातत्व को धन्यवाद दिया गया।

पिछड़ा वर्ग संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

भोपाल, देशबन्धु। पिछड़ा वर्ग विकास मोर्चा एवं ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश के सभी प्रमुख पिछड़ा वर्ग के सामाजिक संगठनो के पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को गांधी भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व डिप्टी कलेक्टर महेंद्र सिंह ने की मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति थे।

बैठक में ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं अधिवक्ता विधायक शाह ने आरक्षण और शिक्षा सहित अनेक मुद्दों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही प्रदेश भर से आए संगठनों के पदाधिकारियों ने जातिगत जनगणना कराने, पिछड़ा वर्ग आयोग का संवैधानिक रूप से गठन करने,शासकीय अधिवक्ता,महाधिवक्ता की नियुक्ति में ओबीसी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देने,आरक्षण अधिनियम का पालन कराना सुनिश्चित करानें हेतु आजन्म कारावास की सजा का प्रावधान करनें,हेतु आरक्षण अधिनियम की धारा 4 एवं 6 में संशोधन,ओबीसी को पदोन्नति में आरक्षण, अनारक्षित पद मेरिट के आधार पर भरे में जानबूझकर गलती या धोखाधड़ी किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वाद लाकर दंडित कराना, चांटीफेबल डाटा कोर्ट में सरकार की ओर से पेश करवाना, बैक लॉक के पद भरे जाने, 87 एवं 13 प्रतिशत फार्मूले के आधार पर की जा रही नियुक्तियों को रद्द कर पूरी सौ प्रतिशत रिक्त पदों पर नियुक्ति देने, छात्रवृत्ति का पूरा आवंटन देने, जिले में ओबीसी विभाग के कार्यों को शीघ्र चालू करने, राजनीतिक आरक्षण आदि मुद्दों पर विचार रखे। पिछड़ा वर्ग की महत्वपूर्ण मांगों को नई सरकार बनने पर प्रमुखता से रखकर उन्हें पूरा कराये जानें का संकल्प व्यक्त किया गया। इसके साथ ही मांगे ना मानने पर आगामी लोकसभा चुनाव में समर्थन देने न देने के बारे में भी विचार किया गया। इसके लिए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद बड़ी बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई नेशनल बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु

भोपाल, देशबन्धु। एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल फुटबॉल मैदान पर शनिवार को सीबीएसई नेशनल बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु हुई।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ स्पोर्ट्स प्रमोटर समूह के अध्यक्ष अरुणेश्वर शरण सिंह देव, द्रोणाचार्य अवॉर्डी संजय भारद्वाज, एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जय नारायण चौकसे, सचिव अनुपम चौकसे, एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल की निदेशक श्रीमति पूजाश्री चौकसे, स्कूल प्राचार्य चैतन्य सक्सेना, सीबीएसई ऑब्जर्वर विपिन एवं अदनान जमील की उपस्थिति में स्कूल के छात्रों द्वारा तैयार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया। उद्घाटन समारोह के पश्चात

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला विद्या देवी जिंदल स्कूल हरियाणा एवं द आर्यन स्कूल मेरठ उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें विद्या देवी जिंदल स्कूल ने यह मुकाबला 3-0 से जीत लिया। विद्या देवी जिंदल स्कूल की ओर से श्रीनिधि बाला ने मैच के पहले हाफ में दो गोल एवं कर्षणा ने मैच के दूसरे हाफ में एक गोल किया। दिन का दूसरा मुकाबला मॉडर्न स्कूल दिल्ली एवं पाइनग्रोव स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें दोनों ही टीमों को एक-एक गोल से संतोष करना पड़ा। मॉडर्न स्कूल की ओर से मुकाबला के बीच में मिनट में अमाया ने एक गोल एवं दूसरे हाफ के 19 में मिनट में सुलेखा ने एक गोल किया। इस प्रकार यह मुकाबला एक-एक के स्कोर पर समाप्त हुआ। तीसरा मुकाबला स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा एवं आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ के बीच खेला गया, जिसमें स्टेप बाय स्टेप स्कूल ने यह मुकाबला 5-0 के बड़े अंतर से जीत लिया। स्टेप बाय स्टेप स्कूल की ओर से वाणी ने दो गोल, अनीता ने एक गोल और अमाया ने दो गोल किए। चौथा मुकाबला शाह सतनाम स्कूल राजस्थान एवं सीएस अकादमी तमिलनाडु के बीच खेला गया इस मैच में दोनों ही टीमों को एक-एक गोल से ही संतोष करना पड़ा। शाह सतनाम स्कूल की ओर से नव्या ने एक गोल एवं सीएस अकैडमी स्कूल तमिलनाडु की ओर से धनशिका ने 1- 1 गोल किए।

मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में मिनी चैंपियंस खेल दिवस आयोजित

बच्चों ने रोमांचक प्रस्तुतियां देकर मोह लिया मन

भोपाल, देशबन्धु। मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल एवं विद्यासागर पब्लिक स्कूल में शनिवार को मिनी चैम्पियन खेल दिवस आयोजित किया गया। मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल ग्राउंड पर आयोजित प्रतिस्पर्धा में बच्चों ने मार्शल आर्ट के करतब दिखाकर बता दिया कि कठिन परिस्थिति में भी वह डरेंगे नहीं, बल्कि दुश्मन से लोहा लेंगे, तो बच्चों ने योग के विभिन्न आसन कर यह भी बता दिया कि ध्यान के भी वे पक्के हैं।

खेल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल प्रज्जवलित कर किया गया। बच्चों ने मार्च पास्ट के बाद विभिन्न रोमांचकारी खेल जिसमें, रेस (रिले, जैली फिश, फनी-बनी केरेट, बीट द हीट, जिगजेग, रिवर्स वॉकिंग, हुलाहूप, पार्टन रेस, हर्डल रेस, लेमन-स्पून, बुक बैलेंसिंग रेस, 50 मीटर फ्लेट रेस, पिक द बॉल्स, ऑबस्टीकल रेस आदि), डम्बलबेल्स पीटी, एरोबिक्स, योग एवं मार्शल आर्ट की रोमांचक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। गौरतलब है कि इन स्कूलों का संचालन शहीद हेमू कालानी

एजुकेशनल सोसायटी करती है। लिहाजा इस अवसर पर सोसायटीअध्यक्ष सिद्ध भाऊ ने विद्यालय परिवार को संस्थान के स्थापना दिवस एवं वार्षिक खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों का आह्वान किया कि वे संत हिरदाराम के सपनों को मूर्तरूप देने के लिए अपने शैक्षणिक दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। ताकि समाज और देश को सही दिशा और दशा प्रदान कर सकें। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे माता-पिता, गुरू एवं बड़ों के प्रति आदर और कृतज्ञता का भाव रखते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, जिससे छात्र परस्पर सहयोग भाव, आत्मविश्वास एवं शारीरिक श्रम के गुणों से सिंचित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने कहा कि माता-पिता एवं गुरूजनों की आज्ञा का पालन एवं अनुशासनात्मक जीवनशैली ही विद्यार्थी जीवन का मुख्य सूत्र है। उन्होंने इन पंक्ति के माध्यम से 'क्षितिज के पार है मंजिल, अभी तो दूर जाना है। भरो पंखों में जान, अभी नहीं विश्राम पाना है' विद्यार्थियों को अविराम प्रयत्नशील बने रहने के लिए अभिप्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी.साधवानी, विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह एवं उप प्राचार्या श्रीमती आशा चंगलानी ने अपने अभिभाषण में कहा कि खेल ने तृत्व क्षमता, दायित्वबोध, अनुशासनबद्धता, आत्मनियंत्रण जैसे आदि गुणों को विद्यार्थियों में विकसित कर उन्हें स्वस्थ्य जीवनशैली प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल की शिक्षिका श्रीमती दुर्गा मिश्रा एवं सुश्री मरियम रईस ने एवं अंत में विदयासागर पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यपिका श्रीमती मिष्ठी वासवानी ने आभार व्यक्त किया।

साहित्य

कहानी

दु:ख का अधिकार

■ यशपाल

मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्राय: पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाजे खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम जरा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं। उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।

बाज़ार में, फुटपाथ पर कुछ ख़रबूज़े डलिया में और कुछ जमीन पर बिक्री के लिए रखे जान पड़ते थे। ख़रबूज़ों के समीप एक अधेड़ उम्र की औरत बैठी रो रही थी। ख़रबूज़े बिक्री के लिए थे, परंतु उन्हें खरीदने के लिए कोई कैसे आगे बढ़ता? ख़रबूज़ों को बेचनेवाली तो कपड़े से मुँह छिपाए सिर को घुटनों पर रखे फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, 'क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।'

दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, 'अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।'

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, 'अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा-बेटी, ख़सम-लुगाई, धर्म -ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।'

परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, 'अरे भाई, उनके लिए मरे-जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म-ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर ख़रबूज़े बेचने बैठ गई है। हजार आदमी आते-जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इसके घर में सूतक है। कोई इसके ख़रबूज़े खा ले तो उसका ईमान- धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!'

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा- उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। ख़रबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती।

लड़का परसों सुबह मुँह- अँधेरे बेलों में से पके ख़रबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डस लिया।

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफ़े चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएं ।

भगवाना परलोक चला गया। घर में जो कुछ चूनी-भूसी थी सो उसे विदा करने में चली गई। बाप नहीं रहा तो क्या, लड़के सुबह उठते ही भूख से बिलबिलाने लगे। दादी ने उन्हें खाने के लिए ख़रबूज़े दे दिए लेकिन बहू को क्या देती? बहू का बदन बुख़ार से तवे की तरह तप रहा था। अब बेटे के बिना बुढ़िया को दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।

बुढ़िया रोते-रोते और आँखें पोंछते-पोंछते भगवाना के बटोरे हुए ख़रबूज़े डलिया में समेटकर बाज़ार की ओर चली-और चारा भी क्या था?

बुढ़िया ख़रबूज़े बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हुए फफक-फफककर रो रही थी।

> पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई। पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई। एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।

कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर-दिल!

उस पुत्र-वियोगिनी के दु:ख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दु:खी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ़ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं। उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था। सोच रहा था- शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और--- दु:खी होने का भी एक अधिकार होता है।

व्यंग्य

बुद्धिजीवियों का दायित्व

■ शरद जोशी

लोमड़ी पेड़ के नीचे पहुंची. उसने देखा ऊपर की डाल पर एक कौवा बैठा है, जिसने मुंह में रोटी दाब रखी है. लोमड़ी ने सोचा कि अगर कौवा गलती से मुंह खोल दे तो रोटी नीचे गिर जाएगी. नीचे गिर जाए तो मैं खा लूं.

'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल'

लोमड़ी ने कौवे से कहा, ' भैया कौवे! तुम तो मुक्त प्राणी हो, तुम्हारी बुद्धि, वाणी और तर्क का लोहा सभी मानते हैं. मार्क्सवाद पर तुम्हारी पकड़ भी गहरी है. वर्तमान परिस्थितियों में एक बुद्धिजीवी के दायित्व पर तुम्हारे विचार जानकर मुझे बहुत प्रसन्नता होगी. यों भी तुम ऊंचाई पर बैठे हो, भाषण देकर हमें मार्गदर्शन देना तुम्हें शोभा देगा. बोलो मुंह खोले कौवे!'

इमर्जेंसी का काल था. कौवे बहुत होशियार हो गए थे. चोंच से रोटी निकाल अपने हाथ में ले धीरे से कौवे ने कहा - 'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल, क्षमा करें. यों मैं स्वतंत्र हूं, यह सही है और आश्चर्य नहीं समय आने पर मैं बोलूं भी.'

इतना कहकर कौवे ने फिर रोटी चोंच में दबा ली.

ग़ज़ल

■ बिस्मिल अज़ीमाबादी

न अपने ज़ब्त को रुस्वा करो सता के मुझे
ख़ुदा के वास्ते देखो न मुस्कुरा के मुझे

सिवाए दाग़ मिला क्या चमन में आ के मुझे
क़फ़स नसीब हुआ आशियाँ बना के मुझे

अदब है मैं जो झुकाए हुए हूँ आँख अपनी
ग़ज़ब है तुम जो न देखो नज़र उठा के मुझे

इलाही कुछ तो हो आसान नज़अ की मुश्किल
दम-ए-अख़ीर तो तस्कीन दे वो आ के मुझे

ख़ुदा की शान है मैं जिन को दोस्त रखता था
वो देखते भी नहीं अब नज़र उठा के मुझे

मिरी क़सम है तुम्हें रहरवान-ए-मुल्क-ए-अदम
ख़ुदा के वास्ते तुम भूलना न जा के मुझे

हमारा कौन ठिकाना है हम तो 'बिस्मिल' हैं
न अपने आप को रुस्वा करो सता के मुझे

हरमिंदर साहिब, अमृतसर का यात्रा संस्मरण

नानक नाम चढ़दी कलां– तेरे भाणे सरबत दा भला

■ मिर्ज़ा जाहिद बेग

दुनिया के सभी धर्म अपने पवित्र ग्रंथों में समस्त मानवता के लिए करुणा और प्रेम का सन्देश देते हैं लेकिन इन धर्म ग्रंथों को आम तौर पर कोई अन्य धर्मावलम्बी नहीं पढ़ता। वो इनके अनुयायियों को देखता है और उस धर्म के बारे में, उसके दूतों, अवतारों और पैगंबरों के बारे में अपनी राय क़ायम करता है। मेरा अपना अनुभव और मानना है कि इस मामले में सिख धर्म के अनुयायी अन्य धर्मों के अनुयायियों से अक्सर बेहतर साबित हुए हैं।

पंद्रहवीं शताब्दी में गुरु नानक देव जी द्वारा सिखी की स्थापना से ही सिखों ने सम्पूर्ण मानवता की सेवा और राष्ट्रप्रेम के अनुपम प्रतिमान स्थापित किये हैं यद्यपि अपने धर्म की स्थापना से ही उन्होंने अत्याचार का दंश झेला है। शुरुआत में मुगलों ने अपने राजनैतिक मक़सद के लिए उनका दमन किया। विभाजन के समय भी सबसे ज़्यादा हिंसा उन्हीं के ख़िलाफ़ हुई। इंदिरा जी की हत्या से उपजे आक्रोश के फलस्वरूप उन्हें जान और माल का अपूरणीय नुक़सान हुआ पर सलाम इस क़ौम को कि उनके दिल में किसी धर्म के प्रति कटुता स्थायी रूप से जगह नहीं बना पाई।

व्यक्तिगत तौर पर आप किसी भी सिख से मिलिए उसकी गर्मजोशी और मृदु व्यवहार आपको इस क़ौम का क़ायल बना देगा। अपने गुरुओं की सीख को उन्होंने पूरी तरह आत्मसात किया हुआ है। खालसा एड इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में तो अब लगभग सारी दुनिया जान ही चुकी है। आप दुनिया के किसी भी गुरूद्वारे में चले जाइये वहाँ का आत्मीय माहौल, सेवा की परम्परा और हर मज़हब के दर्शनार्थियों के लिए निरंतर चलते लंगर आपको अपना मुरीद बना लेंगे। जब तक आप दर्शन कर के बाहर आएंगे सेवादार आपके जूते चमका देंगे, आपको पता भी नहीं चलेगा की आपके जूते चमकाने वाला कौन है? हो सकता है कि वह विदेश में रहने वाला कोई अरबपति सिख या आईएएस-आईपीएस हो।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं।

इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले। इंदौर से पहला पड़ाव अमृतसर था। लगभग शाम के 5 बजे ट्रेन इंदौर से निकली। हमारे कूपे में सामने वाली बर्थ पर एक छोटा सा सिख परिवार बैठा था - माँ, उनका नौजवान बेटा और एक किशोरवय बेटी। उनके पिता और चाचा पकिस्तान से लरकाना साहिब में मत्था टेक कर 3 दिन बाद आने वाले थे और वे उन्हें लिवाने के लिये अमृतसर जा रहे थे।

जैसा कि अमूमन ट्रेन यात्राओं में होता है परिचय की शुरुआत 'आप कहाँ जा रहे हैं' से हुई। जैसे ही उन्हें पता चला कि हम मुस्लिम हैं और हरमिंदर साहिब दर्शन के लिए जा रहे हैं वो इतने प्रसन्न और अभिभूत हुए कि उसको बयाँ करना मुश्किल है। पंजाबी अपने खाने/खिलाने के शौक के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं आप यक़ीन नहीं करेंगे दोस्तो, अमृतसर तक लगभग 35 घंटों के सफर में उन्होंने हमें 35 रूपये भी खर्च नहीं करने दिए। इतना सारा और इतनी तरह का खाना ले कर वो चले थे कि पूरे सफर के दौरान हम अपना टिफ़िन निकाल ही नहीं पाए। यही नहीं अपने परिजनों के लिए स्वर्णमंदिर परिसर के बाहर ट्रस्ट की धर्मशाला में आरक्षित एसी कक्ष 24 घंटे के लिए हमें उपलब्ध करा दिया, अपने साथ हरमिंदर साहिब के दर्शन कराये और वाघा सरहद तक लेकर गये।

दूसरे दिन हम स्वर्ण मंदिर परिसर में शाम को टहल रहे थे। मग़रिब की नमाज़ का वक़्त हो गया था, मैं टहलता हुआ बच्चों से थोड़ा दूर आ गया था। बेटे ने मुझ से आ कर कहा-'डैडी मम्मी नमाज़ पढ़ने का बोल रही हैं।' मैंने कहा-'ठीक है परिसर के बाहर चलते हैं।'

तब तक श्रीमती जी भी वहां आ गईं और कहा कि 'इतनी भीड़ है बाहर निकलने में और कमरे तक पहुँचने में एक घंटे से ज़्यादा वक़्त लग जायेगा और नमाज़ कज़ा हो जायगी।' अब मैं सकपकाया मुझे पता था कि उन्होंने किशोरावस्था के बाद अब तक शायद एक नमाज़ भी नहीं छोड़ी थी। वे बोलीं -'यहीं कहीं पढ़ लें।'

मैं सिखों और मुस्लिमों के रक्त-रंजित इतिहास को जानता था। यद्यपि यह भी जानता था कि 1588 में गुरु अर्जन साहिब ने लाहौर के एक मुस्लिम फ़क़ीर(सूफी संत) हजरत मियां मीर जी से हरमिन्दर साहिब की नींव उहापोह को वहाँ तैनात एक सेवादार ने भांप लिया और हिन्दी मिश्रित गुरुमुखी में मुझसे कहा -'बोलें क्या बात है ?'

मेरे कुछ कहने से पहले ही बिटिया ज़ेनिफ़र ने उन्हें सारा माज़रा कह सुनाया। सेवादार महाशय मुस्कराये और बोले-' तो इसमें क्या दिक़्क़त है?' बस, फिर क्या था पवित्र सरोवर मेरे परिवार के लिए वज़ुख़ाना बन गया। सेवादार ने भीड़ को एक तरफ़ किया। दिशा भ्रम होने के कारण हमें बताया कि मग़रिब (पश्चिम) किस तरफ़ है। अपने उत्तरीय को पवित्र सरोवर में डुबो कर नमाज़ पढ़ने के स्थान को पोंछा, जब तक श्रीमती जी और बच्चे नमाज़ पढ़ते रहे, वे अपनी चिर-परिचित नीले रंग की पोशाक में चार फ़ीट लम्बी तलवार क़मर से लटकाये वहीं खड़े रहकर नमाज़ियों के सामने से लोगों को निकलने से रोके रहे।

ज़रा तसव्वुर कीजिये मित्रों दुनिया के सबसे पवित्र सिख धर्मस्थल पर हज़ारों सिखों के बीच में मेरा परिवार हरमिंदर साहिब में अपने रब की बारग़ाह में सज़दा कर रहा था। बेटे के सर पर टोपी के स्थान पर अकाल तख़्त के प्रतीक वाला भगवा सरोपा (रुमाला) बंधा हुआ था। बिटिया और श्रीमती जी के सर पर हिज़ाब था। उन तीन नमाज़ियों के एहतराम में निहंग सर पर पगड़ी और क़मर में तलवार बांधे खड़ा था। यह एक कल्पनातीत दृश्य था। जिसका चित्रण करना नामुमकिन है। जो संवेदनशील होंगे उन्हें दिख रहा होगा कि इन नमाज़ियों, उस निहंग और वहाँ से ख़ामोशी से गुज़र रहे दर्शनार्थियों पर अल्लाह की रहमत के साथ-साथ तमाम प्रात:स्मरणीय गुरुओं और मियां मीर का

> मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले।

रखवाई थी पर यह भी सत्य है कि पिछले 422 सालों में पंजाब की पांचो नदियों में दोनों क़ौमों का बहुत रक्त बह चुका था। घर से दूर हजारों सिखों के बीच उनके सबसे पवित्र धर्म-स्थल पर बीबी-बच्चों को नमाज़ पढ़ने का कहने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। शायद पढ़ा-लिखा होना इंसान को पूर्वाग्रही भी बना देता है। हमारी इस आशीर्वाद भी बरस रहा था।

बच्चों की नमाज़ के बाद मैंने अपनी भीग आई आँखों की कोर को पोंछा और उस मोहब्बत के फ़रिश्ते से मुसाफ़ा(दोनों हाथ मिलाना) कर उसका शुक्रिया अदा किया। सेवादार महाशय 'कोई गल नी जी, कोई गल नी' कहते हुए वापस अपने काम में लग गये। हम भी मोहब्बत और सर्वधर्म समभाव का एक अमिट पाठ अपने हृदय पर अंकित कर वहाँ से विदा हुए।

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

धूमधाम से निकली हरिहर मिलन यात्रा, जगह-जगह किया स्वागत

सिरोंज, देशबन्धु। परंपरा अनुसार कार्तिक मास में पंडित नलिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले कार्तिक महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को हरिहर मिलन यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्तिक मास में प्रतिदिन त्रिपुर सुंदरी घाट पर होने वाले नित्य संध्या आरती उपरांत पालकी में विराजे भगवान शिव को लेकर यह यात्रा धूमधाम से भगवान मदन मोहन सरकार के दरबार मे भगवान विष्णु से मिलन के लिए प्रारंभ हुई। धूमधाम के साथ निकली इस यात्रा का नेतृत्व पंडित नलिनीकांत शर्मा कर रहे थे जिनके सानिध्य में कार्तिक स्नान कर पुण्य लाभ ले रही महिलाओं एवं पुरुषों के साथ सनातनी श्रद्धालुगण भी काफी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन में विधायक उमाकांत शर्मा ने भी सहभागिता की। इस दौरान हरिहर मिलन यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत हुआ।

आकाश में चंद्रमा के साथ बृहस्पति ने बनाई जगमग जोड़ी

इटारसी, देशबन्धु। आज शनिवार 25 नवंबर शाम के आकाश में पूर्वी आकाश में चमकता चंद्रमा अपने साथ जुपिटर की जोड़ी बनाते नजर आया। इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि शाम जब सूर्य अस्त हुआ तब पूर्वी आकाश में कुछ उंचाई पर चंद्रमा और बृहस्पति जोड़ी बनाते नजर आये। चंद्रमा लगभग 3 लाख 74 हजार 830 किमी दूर था तथा इसका 96.6 प्रतिशत भाग चमक रहा था। वहीं जुपिटर 60 करोड़ 85 लाख 90 हजार किमी दूर रहते हुये माईनस 2.84 मैग्नीट्यूड से चमक रहा था। यह जोड़ी रात भर दिखाई देने के बाद सुबह सबेरे 4 बजे के बाद पश्चिम में अस्त होगी।

भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडलों के बूथ कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

सफलता तब मिलती जब कार्यकर्ता ईमानदारी से मेहनत करता है: शर्मा

सिरोंज, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं की मंडलवार बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने मतदान केंद्रों पर सक्रिय रूप से भागीदारी करने वाले सेक्टर प्रभारियों, मंडल कार्यकारिणी, बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया किया। भाजपा नगर मंडल एवं ग्रामीण के चितावर व देवपुर मंडल के बूथ कार्यकर्ताओं एवं मंडल के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मेहनत करता है तो ऐसी ही सफलता मिलती है। एक विधानसभा स्तर पर आप सबके प्रयासों से ऐसी सफल अमित शाह की सभा हुई वह अनुकरणीय है। मतदान के एक दिन पहले से दिन- रात और फिर दिन भर मतदान हो जाने तक समाज के सभी आयुवर्ग के युवा और बुजुर्ग कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा करके दिखाई है। इस चुनाव में पहली बार काफी संख्या में नए मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ वोट डाला। भाजपा के हम सभी विचारधारा के लिए जीने वाले कार्यकर्ता हैं। राष्ट्र का हित हम सबके लिए पहले है। कही न कही इस चुनाव में भी स्वर्गवासी लक्ष्मीकांत शर्मा ने भी चुनाव लड़ा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम चुनाव जीतेंगे। देश की एकता और अखंडता के लिए हमें आने वाले दस पंद्रह सालों तक देश मे भाजपा सरकारों तथा नरेंद्र मोदी जैसे नेतृत्व की जरूरत है। बैठक को संतोष चौरे, महेंद्र सिंह दाँगी जितेंद्र बघेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश यादव, चांदमल जैन, डॉ पीके विश्वास, माथुर, मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी, चरण सिंह राजपूत, पारस तारण, हमीर सिंह यादव, नारायणदास साहू, हरिबाबू भार्गव, भगवान सिंह यादव सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा-कांग्रेस भीतरघात करने वालों की बना रही सूची, गिर सकती है गाज

रायसेन, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव संपन्न हुए पूरे एक सप्ताह का समय हो चुका है। 17 नवंबर को मतदान के दिन जिले की चारों विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे भाजपा एवं कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ भीतर करने वालों पर दोनों ही प्रमुख दल भाजपा एवं कांग्रेस के प्रमुखों द्वारा विधानसभा चुनाव की मतगणना के पश्चात बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। जिला भाजपा और जिला कांग्रेसद्वारा अपने-अपने स्तर पर भीतर घात करने वाले पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की सूची गोपनीय तौर पर बनाई जा रही है। विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि मतगणना के पश्चात करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित भी किया जा सकता है। हालांकि अभी इस संबंध में बारीकी के साथ दोनों ही राजनीतिक दल ध्यान देकर काम करते दिखाई दे रहे हैं। इस बात की चर्चा पूरे जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जन के बीच खूब हो रही हैं।

सामान के पैसे मांगने पर दुकानदार से मारपीट

भेरूंदा, देशबन्धु। बस स्टैंड के सामने कल समान के पैसे मांगने पर एक दुकानदार के साथ मारपीट की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बस स्टैंड के सामने दुकान संचालक त्रिलोक अग्रवाल को रात्रि के 10 बजे नगर के ही विकास महेश्वरी और उसके भाई विशाल महेश्वरी ने मारपीट की साथ ही उसको जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि पुलिस के हाथ अभी भी खाली है मुजरिम पुलिस की गिरफ्त से कोसों दूर है। पुलिस ने सिर्फ खाना पूर्ति के लिए रिपोर्ट तो लिखी है। अपराधी पर 294/323/506/34 ये सभी मामूली धाराएं लगाकर फरियादी को गुमराह किया जा रहा है लेकिन अपराधी को अभी तक पकड़ नहीं पाई है। इधर सब इंस्पेक्टर सूर्यवंशी से जब अपराधी के बारे में फोन पर बात की तो उनका कहना था कि अपराधी अभी फरार है पुलिस जल्द ही अपराधी को पकड़ लेगी।

शिव अभिषेक के साथ दीपदान से कल होगा कार्तिक स्नान का समापन

गंजबासौदा, देशबन्धु। स्थानीय बेतवा रिपटा घाट पर विगत एक माह से कार्तिक स्नान के साथ भगवान शिव का अभिषेक और दीपदान चल रहा है। पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में चल रहे आयोजन का समापन सोमवार कार्तिक पूर्णिमा पर प्रात: 5:30 से 7:30 बजे शिव अभिषेक दीपदान के साथ हो जाएगा। नागरिक बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने बताया कि कार्तिक माह में रिपटा घाट पर यह आयोजन विगत 10 वर्षों से चल रहा है। जिसमें नियमित रूप से श्रद्धालु प्रात: काल नदी घाट पर पहुंचकर स्नान करते हैं इसके बाद भगवान शिव का अभिषेक और आरती का आयोजन होता है। कार्तिक माह में नदी तालाब में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। एक महीने

तक चलने वाले इस आयोजन का समापन कल हो जाएगा। डॉ. अशोक रोहले ने बताया कि बेतवा रिपटा घाट पर सूर्योदय से पूर्व श्रद्धालु प्रतिदिन कार्तिक स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। यहां प्रतिदिन भगवान शिव का भी अभिषेक किया जा रहा है। 27नवबंर कार्तिक पूर्णिमा पर इसका समापन होगा।

मीटर रीडिंग के आधार पर ही मिलेंगे उपभोक्ताओं को बिजली बिल

रायसेन, देशबन्धु। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित मीटर की फोटो मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने और गलत मीटर रीडिंग लेने पर मीटर वाचकों पर सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं के परिसर में शुद्धता के साथ मीटर वाचन होना चाहिए और मीटर रीडिंग के आधार पर ही उपभोक्ताओं को विद्युत देयक दिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मीटर वाचकों के कार्य पर निष्ठा एप के द्वारा निगरानी रखी जाए और जो मीटर वाचक कर्तव्य पालन में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें सेवा से पृथक किया जाए। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता सेवा सर्वोपरि है। उपभोक्ताओं को कंपनी बेहतर से बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत-संकल्पित है और इसी दिशा में काम किया जा रहा है। कंपनी ने उपभोक्ताओं को जागरूक रहने के लिए कहा है कि जब उनके परिसर की मीटर रीडिंग होती है, तो वे मीटर वाचक द्वारा ली गई रीडिंग और मीटर में दर्ज रीडिंग पर नजर रखें, ताकि सही देयक मिल सके। कंपनी का प्रयास है कि बिलिंग संबंधी शिकायतों को शून्य लेवल पर लाया जाए। कंपनी ने कहा है कि फोटो मीटर रीडिंग निष्ठा एप के माध्यम से की जा रही है। दरअसल फोटो मीटर रीडिंग ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें मानवीय हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं है और मीटर वाचन में अंकित वाचन की फोटो खींचकर सिस्टम में अपलोड की जाती है। मीटर वाचकों पर कड़ी निगरानी और लापरवाही बरतने वाले मीटर वाचकों को सेवा से मुक्त किये जाने की कार्यवाही के कारण उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। कुछ शहरों में क्यूआर कोड लगाने के कारण भी फायदा मिला है एवं इससे मीटर वाचन की प्रक्रिया जल्द संपादित हो रही है।

एनसीसी के स्थापना दिवस पर सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध काम करने का संदेश

इटारसी, देशबन्धु। राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना दिवस पर शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में एनसीसी की छात्राओं ने नृत्य नाटिका, संगीत तथा उद्बोधन के माध्यम से दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कार्य करने का संदेश दिया एवं सभी को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश की आकांक्षा, देश के सपनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने वाला एनसीसी कैडेट आज देश के युवाओं और नागरिकों को राष्ट्रीय लक्ष्यों से, राष्ट्रीय सरोकार से जोड़ रहा है। डॉ. हरप्रीत रंधावा ने बताया कि छात्राएं एनसीसी से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकती हैं तथा एनसीसी के क्रेडिट को थल सेना, नौसेना, वायु सेना और अन्य प्रमुख सरकारी नौकरियों में छूट मिलती है।

महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट की प्रभारी श्रीमती पूनम साहू ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य मिलिट्री ट्रेनिंग, समाज सेवा, आउटडोर गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, चरित्र, अनुशासन, जोश जैसे मूल्यों को विकसित करना है। कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए डॉ शिरीष परसाई ने कहा कि हम सभी ने देखा है

कि एनसीसी कैडेट्स ने कोरोना काल में देश के सामर्थ्य को बढ़ाया। एनसीसी कैडेट्स के दृढ़ संकल्प, सेवा की भावना, अनुशासन देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना ने राष्ट्र निर्माण मे अभूतपूर्व योगदान दिया है। संचालन एनसीसी कैडेट्स पूजा पटेल एवं मानसी आशावरी ने किया। कार्यक्रम में डॉ हरप्रीत रंधावा, श्रीमती मंजरी अवस्थी, आनंद पारोचे, श्रीमती पूनम साहू, स्नेहांशु सिंह, डॉ मुकेश चंद्र बिष्ट, डॉ शिरीष परसाई, डॉ संजय आर्य, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ श्रद्धा जैन, डॉ नेहा सिकरवार, एनआर मालवीय, हेमंत गोहिया, श्रीमती शोभा मीणा, प्रिया कलोशिया, क्षमा वर्मा, तरुणा तिवारी तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

मीडिएशन सेंटर में संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

इटारसी, देशबन्धु। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी द्वारा मीडिएशन सेंटर, इटारसी में संविधान दिवस 26 नवंबर के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। संबोधित करते हुए प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति हर्ष भदौरिया ने बताया कि देश में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था। यह सविधान ही है, जो अलग-अलग धर्म, जातियों को एक देश की तरह जोड़ता है और हमें यह अधिकार प्राप्त है कि हम सब पूरी स्वतंत्रता एवं समानता के साथ जीवन जी सकें। संविधान के तहत ही हमारे देश के सभी कानून बनते हैं। इस संविधान के तहत कार्यपालिका, न्याय पलिका कार्य करते हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सूर्यपाल सिंह राठौर ने बताया मौलिक अधिकर भारत के संविधान में निहित अधिकार है, जो प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र रूप से जीने का अधिकार प्रदान करते हैं। मौलिक अधिकार ऐसे मूलभूत अधिकार हैं जो लोगों को सुगमता से जीवन जीने के लिए बनाये गये हैं। ि संविधान की उद्देशिका का वचन अधिवक्ता अरविंद गोयल ने किया। इस अवसर पर द्वितीय जिला न्यायाधीश ललित कुमार झा, तृतीय जिला न्यायाधीश सुशीला वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि मोदिता पिंटो, पूजा भदौरिया, निखिल सिंघई, पूर्वी राय, तहसील अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष गुरयानी, उपाध्यक्ष विनोद भावसार, पैनल अधिवक्ता जिनेन्द्र कुमार जैन, रघुराज सिंह बघेल, संजय मेहतो एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

क्वॉरी नदी पर ट्रक ने कार को मारी टक्कर, यातायात हुआ प्रभावित

मुरैना, देशबन्धु। सिविल लाइन थाना अंतर्गत क्वॉरी नदी पर धौलपुर जाने वाले पुल पर शनिवार की दोपहर एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी, जिससे वहां रास्ता जाम हो गया और लगभग 2 घंटे तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। बताया जाता है कि अभी हाल ही में एक तूरी से भरा ट्रैक्टर भी इसी पुल पर पलट गया था, जिस कारण 2 दिन पहले भी यहां लंबा जाम लगा और पुल काफी क्षतिग्रस्त है। काफी देर बाद पुलिस को जब सूचना मिली तो वह पहुंची और काफी मशक्कत के बाद पुल पर से ट्रक एवं कार को हटाया गया।

हेलमेट न पहनने पर आधा सैकड़ा दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई

मुरैना, देशबन्धु। शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक यातायात पुलिस द्वारा एमएस रोड मुरैना पर दोपहिया वाहन चालकों के रॉन्ग साइड पर चलने एवं हेलमेट न पहनने पर कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी रोहित यादव ने बताया कि नेहरू पार्क के सामने एमएस रोड पर रॉन्ग साइड में दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोककर उन पर कार्रवाई की गई एवं अधिकांश दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए पकड़े गए। पुलिस द्वारा देर शाम तक लगभग आधा सैकड़ा दोपहिया वाहन चालकों पर जुर्माना की कार्रवाई की गई।

संविधान की प्रासंगिकता को लेकर मनाया विधि दिवस

मुरैना, देशबन्धु। अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला इकाई मुरैना द्वारा विधि दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारती एवं मुख्य वक्ता के रूप मे अधिवक्ता परिषद मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमहाधिवक्ता वीरेंद्र पाल द्वारा विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। संविधान की आज के समय में प्रासंगिकता एवं सविधान में प्रदत्त अधिकारों एवं दायित्वों के बारे में मुख्य वक्ता द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट राघवेंद्र द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत परिषद के महामंत्री पंकज सिंह भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विशेष न्यायाधीश अविनाश तिवारी, बार एसोशिएशन अध्यक्ष पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बैसला, सचिव मानवेंद्र राणा, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती बबिता सिंह, वरिष्ठ अभिभाषक राकेश गर्ग, परिषद के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। अंत में परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता एवं उपस्थिति न्यायाधीश गणों एवं अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उमाकांत, मनोज सेमिल, भूपेंद्र सिकरवार, गोविन्द शर्मा, मनोज शर्मा, मधुलिका, सारंग गुप्ता, देवदत्त शर्मा, निक्की बघेल, विपिन शर्मा, प्रीति शर्मा, हेमंत शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

विश्व एड्स दिवस पखवाड़े में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

मुरैना, देशबन्धु। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पखवाड़े के रूप में मनाये जाने की रूपरेखा एवं रणनीति तैयार करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सीएमएचओ डॉ. राकेश शर्मा एवं हेपेटाइटिस वी व एचआईवी, एड्स के नोडल अधिकारी डॉ. डीके गुप्ता तथा डॉ. महेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा आईसीटीसी जिला चिकित्सालय मुरैना के परामर्शदाता जय तिवारी, शिल्पी गुप्ता, लैब टेक्नीशियन अमित कुमार वसेडिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जौरा आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर, मणिकांत शर्मा, सबलगढ़ से श्रीमती सीमा राठौर, सुग्रीव जाटव व एआरटी सेंटर से राघवेंद्र शर्मा, नरोत्तम सिंह राठौर, अमृत सिंह तथा सामाजिक संगठन श्वेतना से राम अवतार शर्मा, जेल प्रोग्राम स्वेक्षा से मोहन शर्मा, ओएसटी सेंटर से गंगाराम तथा सीएससी से विहान से श्रीमती दीपा कौशल, टीआई परियोजना से हरपाल सिंह सेंगर, देवेंद्र शर्मा उपस्थित थे। बैठक में विश्व एड्स दिवस को पखवाड़े के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत पूरे जिले भर में रैली, कैंडल मार्च, रंगोली, प्रदर्शनी, मानव श्रृंखला, रिक्शा मेकिंग, जागरूकता गतिविधि एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा कॉलेज आदि के साथ कार्यशाला आयोजित किए जाने की रणनीति बनाई गई।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

श्री श्याम जन्मोत्सव पर हुआ भजन संध्या का आयोजन

भौरा, देशबन्धु। श्री श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार रात 8 बजे से भाजपा प्रत्याशी गंगा सज्जन सिंह उइके के निज निवास पर खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतरंगी फूलों से मुख्य मंच पर श्याम बाबा की भव्य झांकी सजाई गई। भजन संध्या का शुभारम्भ भाजपा प्रत्याशी गंगा सज्जन सिंह उइके ने मंच पर सजी खाटू नरेश की भव्य झांकी के समझ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने रात्रि 8 से देर रात तक भजनों का आनंद लिया। भव्य संकीर्तन भाव गीत धमाल के साथ शिवानी साउंड सर्विस शोभापुर कालोनी पाथाखेड़ा द्वारा श्याम सहारा टीम और वाद्ययंत्र वाधको द्वारा बाबा श्याम को रिझाया गया। जिसमें केसला के भजन गायक गुलाब बारसे, छिंदवाड़ा की भजन गायिका पूजा ठाकुर एवं स्थानीय गायक आशुतोष गुप्ता ने मधुर भजन सुनाते हुए श्याम प्रेमियों को खूब लुभाया। खाटू वाले श्याम तेरी शरण में आ गए भजन से शुरुआत हुई।

एमयू 20 विजेता बने ताहा को मिली इलेक्ट्रिक साइकिल

बैतूल, देशबन्धु। इनोवेशन काम्पीटिशन वेबीनार एमयू 20 का इंदौर में कैमरिज बोर्ड ए लेवल का आयोजन किया गया। इसमें 100 से ज्यादा स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें पहले और दूसरे राऊंड में 10 छात्र सलेक्ट हुए जिसमें बैतूल के ताहा मोईज बोहरा एकमात्र ऐसे विजेता बने जिन्हें बतौर पुरस्कार इलेक्ट्रिक साइकिल दी गई। आयोजन इंदौर में किया गया था। ताहा मोईज बोहरा सतपुड़ा वैली के छात्र हैं।उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें माता-पिता मोईज बोहरा एवं श्रीमती सकीना बोहरा, गुरूजनों, शुभचिंतकों, परिचितों, रिश्तेदारों, सहपाठियों ने बधाई दी है।

विद्यार्थियों को दी बाल विवाह संबंधी अधिनियम के बारे में जानकारी

हरदा, देशबन्धु। क्लेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देश पर जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों मे शनिवार को प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई एवं बाल विवाह में शामिल नही होने की शपथ दिलाई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को शासकीय विद्यालय जटपुरा, भुन्नास, पलासनेर, चौकड़ी, अबगांव खुर्द एवं अन्य विद्यालय के प्राचार्यों द्वारा छात्र छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम पर जानकारी दी गई तथा बाल विवाह में शामिल न होने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि शादी समय वधू की उम्र 18 वर्ष से कम तथा वर की उम्र 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इस निर्धारित आयु सीमा से कम आयु के वर या वधू का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनन अपराध है।

बैतूल से खेड़ी ताप्ती तट तक निकलेगी चुनरी पद यात्रा

बैतूल, देशबन्धु। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 27 नवम्बर सोमवार को मां ताप्ती की चुनरी पदयात्रा बैतूल से खेड़ी ताप्ती घाट तक निकाली जाएगी। यहां मां ताप्ती को 111 मीटर की चुनरी चढ़ाई जाएगी। ताप्ती भक्त निलय डागा व उनकी धर्मपत्नी दीपाली डागा के नेतृत्व में यह चुनरी पदयात्रा निकाली जाएगी। चुनरी पदयात्रा के माध्यम से जिले के किसानों को प्राकृतिक आपदा से बचाने और जिले की खुशहाली की कामना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली पदयात्रा में ताप्ती भक्त निलय डागा के साथ उनकी धर्मपत्नी दीपाली डागा भी ताप्ती घाट तक श्रद्धालुओं के साथ पदयात्रा करती हैं। डागा ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा यात्रा से प्रेरित होकर वे बैतूल जिले में लगातार सातवें वर्ष यात्रा कर रहे हैं। वे यह यात्रा जिले में खुशहाली के लिए कर रहे। यात्रा में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया जा रहा है। चुनरी यात्रा कोठीबाजार लक्ष्मी चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर से सुबह 7 बजे शुरू होगी। यहां से थाना चौक, टिकारी अखाड़ा चौक, कारगिल चौक, सदर, दनोरा, भड़ूस, महदगांव, डहरगांव, खेड़ी सांवलीगढ़ होते हुए दोपहर 2 बजे ताप्ती घाट पहुंचेगी।

कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियां, ताप्ती स्नान के लिए पहुंचेंगे हजारों श्रद्धालु

कल से शुरू होगा मेला, नपा ने दुकानदारों के लिए काटे प्लाट

मुलताई, देशबन्धु। नगर में हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा से ताप्ती मेले का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए नगर पालिका द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई गई। शनिवार नगर पालिका द्वारा मेला ग्राउंड पर दुकानों के लिए प्लाट कांटे गए, जिनका जल्द ही आवंटन शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि अभी तक झूले वाले भी मुलताई में नहीं आए हैं ऐसे में लगभग 10 दिन बाद ही मेला पूरी तरह लग पाएगा।

कार्तिक पूर्णिमा पर हर साल हजारों की संख्या में मुलताई ताप्ती स्नान के लिए श्रद्धालु आते हैं जिनके लिए नगर पालिका द्वारा ताप्ती सरोवर पर समुचित व्यवस्था की जा रही है, सुरक्षित स्नान हो इसके लिए सीढ़ी पर जमी काई हटाई जा रही है, नपा डरा जगह जगह लोहे की जंजीर लगाई गई है, जहा जंजीर नही लग पाई है वहा रस्सियां बांधी जा रही है, साथ ही गोताखोर और नपा के कर्मचारियो को सरोवर पर नियुक्त किया गया है। महिलाओ के लिए स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए भी पर्दे लगाकर व्यवस्था की जा रही है।

11 हजार दीपों से रोशन होगा ताप्ती तट

घर-घर पहुंचकर दिया निमंत्रण, एकत्रित किए दीपक

मुलताई, देशबन्धु। मां ताप्ती की उद्गम स्थली में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 27 नवंबर की शाम ताप्ती तट के चारों ओर सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्यों द्वारा 11 हजार दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के डॉ. राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि महोत्सव के दौरान सायंकाल 5 बजे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम से आए अक्षत कलश का पूजन और अक्षत कलश को लेकर ताप्ती सरोवर की परिक्रमा की जाएगी। सायंकाल 5:30 बजे दीपोत्सव का आयोजन होगा। उसके उपरांत 6:30 बजे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। शाम 7 बजे मां ताप्ती का पूजन और महाआरती संपन्न होगी। प्रसादी वितरण के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा।

महोत्सव में राष्ट्रीय संत और आनंद ही आनंद फाउंडेशन के संस्थापक विवेकजी विशेष अतिथि उपस्थित रहेंगे। मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्यों ने बताया महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। शुक्रवार रात्रि में आयोजन को लेकर गायत्री मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू संगठनों के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सभी ने महोत्सव को भव्य रूप देने पर सहमति जताई। शनिवार को न्यास के कार्यकर्ता नगरीय क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश के पूजन का निमंत्रण देने और दीपोत्सव के लिए घर-घर से दीपक एकत्रित करने के लिए नगर के वार्डों में पहुंचे और नागरिकों से दीपोत्सव के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए पांच-पांच दीपक दिए।

कायाकल्प: डामरीकरण कार्य का का किया शुभारंभ

बैतूल, देशबन्धु। बैतूल बाजार नगर परिषद द्वारा कायाकल्प अभियान के तहत 54 लाख के स्वीकृत कार्य शुरू हो चुके है जिसमे मुख्य सड़कों का डामरी करण कार्य किए जाना है। शनिवार को सिंहवाहिनी चौक से गायत्री मंदिर तक सड़क का डामरी करण का कार्य शुरू किया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती संजय वर्मा ने बताया की काया कल्प अभियान में तीन डामरी करण के कार्य किए जा रहे है। चौकीपुरा से मिश्रा किराना दुकान चौक तक, अंबिका साड़ी सेंटर से मुख्य मार्ग तक इसके साथ एक सी सी रोड चौकी से चौहान के मकान तक का निर्माण कार्य किया जाना है। सिंहवाहिनी चौक से डामरी करण कार्य शुरू हो चुका है इस दौरान नगर परिषद इंजीनियर पंकज धुर्वे, अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा सहित गणमान्य नागरिक और परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

डहुआ की रामलीला में कुंभकरण, मेघनाथ वध की लीला का मंचन

मुलताई, देशबन्धु। ग्राम डहुआ में चल रही वर्षो पुरानी रामलीला में शुक्रवार रात कुंभकरण वध, मेघनाथ वध और सुलोचना सती की लीला का मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाओ के साथ भी छोटे छोटे बच्चे भी बैठे रहे। कुंभकरण के विशाल काय शरीर को देखकर सभी दंग रह गए, जबकि बच्चे डर कर छुप गए। वहीं मेघनाथ वध की लीला में लक्ष्मण को शक्ति बाण लगा जिससे वे मूर्छित हो गए, जिसे बचाने के लिए हनुमान ने संजीवनी बूटी लाई। जिसके बाद मेघनाथ का वध किया गया।

हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने वाले वाहन चालकों पर की कार्रवाई

हरदा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार कंचन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति के मार्गदर्शन में हरदा में हेलमेट और सीट बेल्ट न लगने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। यातायात उप निरीक्षक जितेंद्र वैष्णव ने बताया कि इस अभियान के तहत थाना यातायात एवं जिले के अन्य थानों द्वारा द्वारा बिना हेलमेट धारण कर दो पहिया वाहन चलाने वाले 465 चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर 1 लाख 39 हजार 500 रूपये एवं बिना सीट बेल्ट का उपयोग कर चार पहिया वाहन चलाने वाले 9 चालकों पर चालान कर 4500 रु जुर्माना वसूल किया गया । इसके अलावा अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 चालकों पर कार्यवाही कर 10 हजार 100 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इस तरह जिले में कुल 491 वाहन चालकों के चालान में 1 लाख 54 हजार 100 रूपये वसूल किया गया । यह अभियान आगामी 10 जनवरी तक लगातार जारी रहेगा।

दुनावा के पास हादसा: पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, 1 की मौत, 1 गंभीर

आधार कार्ड अपडेट कराने आए थे, लौटते समय हुई दुर्घटना

मुलताई, देशबन्धु। छिंदवाड़ा नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम दुनावा के पास शनिवार दोपहर में एक पिकअप ने बाइक सवार दो युवको को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते बाइक सवार दोनो युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजन निजी वाहन से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाए, लेकिन रास्ते में ही एक युवक ने दम तोड़ दिया, जिसे डॉक्टर ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक का प्राथमिक उपचार किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार छिंदवाड़ा जिले के डिंगोरी गांव निवासी अंकुश पुत्र भजन लाल उईके अपने दोस्त करण पुत्र हरिराम वरकडे के साथ अपना आधार अपडेट कराने के लिए बाइक से दुनावा आया था। जहां से काम खत्म कर वापस अपने गांव लौटते समय अचानक सर्राई रोड से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना की सूचना राहगीरों द्वारा तत्काल एंबुलेंस को दी गई, तब तक परिजन दोनों युवकों को निजी वाहन से लेकर मुलताई के सरकारी अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक अंकुश ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही करण के पैर में भी गंभीर रूप से चोट आई जिसका उपचार किया गया।

लोडिंग वाहन की टक्कर से युवक घायल: नगर में मुख्य मार्ग पर बीकानेर मिठाई की दुकान के सामने शनिवार की सुबह साढ़े 6 बजे मार्निंग वाक पर पैदल जा रहे एक युवक को लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे युवक गिरकर घायल हो गया। पुलिस द्वारा लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुभाष वार्ड निवासी दिलीप पिता धनपाल आठनेरे 43 साल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि शनिवार की सुबह 6=30 बजे वह अपने घर से मॉर्निंग वॉक पर हाई स्कूल ग्राउंड जा रहा था,रास्ते में बीकानेर दुकान के सामने पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे छोटे लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 04 एलसी 6301 के वाहन चालक ने पीछे से उसे टक्कर मार दी।जिससे कि वह गिरकर घायल हो गया। दिलीप को कूल्हे,कमर,दाहिने हाथ, नाक पर चोट आई है पुलिस द्वारा लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अंडर 18 के बीच मैच में चयनीत खिलाड़ी नर्मदापुरम रवाना

सारणी, देशबन्धु। आईएफसीए जन आदर्श स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आज अंडर 18 का चयन मैच करवाया गया जिसमें 19 खिलाड़ियों ने भाग लिया अंतिम 15 खिलाडियो की लिस्ट बनाई गई जो नर्मदा पुरम में होने वाले इंटर डिस्ट्रिक में भाग लेगी। पहला मैच हरदा बैतूल दूसरा मैच होशंगाबाद बेतुल खेलेगी। आज अंडर 18 ए ने 45 ओवर में 105 रन बनाएं तनिष्क ने 43 रन और साफान ने 16 रन वही भी टीम से गेंदबाजी करते हुए अल्पेश ने 6 विकेट 21 रन देकर लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंडर 18 बी टीम 20 ओवरों में बिना विकेट खोए 106 रन बनाएं साहिल कवड़े ने 74 बॉल पर 52 रन और लक्ष्य ने नाबाद 28 रन की पारी खेली अंडर 18 बी टीम 10 विकट से से यह मैच जीता। इस मैच के अंपायर रहे प्रदीप पंडाग्रे रहे। मैच के उपरात जन आर्दश स्पोटस क्लब के सदस्य एवं डब्लू सी एल के जाने माने खिलाड़ी अजय प्रजापति के भाई जन आर्दश स्पोटस क्लब के सदस्य संजय प्रजापति के दुखद निर्धन पर खिलाडियो ने दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हे श्रद्धाजंली अर्पित की।आज अंडर 18 ट्रायल मे जन आदर्श स्पोटस क्लब के संरक्षक रंजीत सिंह कोच मुकेश भालेकर डीसीए कोच मोइज मंजूरी, खुशी लाल पवार, हेमंत, प्रतीति, मनीष मस्की, गणेश मशकी उपस्थित रहे। अतिथियो ने अंडर 18 टीम जो जिला खेलने जा रही है उनको शुभकामनाएं और बधाई दी।

एमजीएम कॉलेज में भारतीय संविधान दिवस पर दिलाई शपथ

इटारसी, देशबन्धु। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में आज विद्यार्थियों और स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुशीला वरवड़े ने मंच पर डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान भारत का सर्वोच्च प्रधान है, जो संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत हुआ एवं 26 जनवरी 1950 को भारत में प्रभाव में आया। हम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। यह सबसे लंबा लिखित संविधान है। सभी को आज के दिन भारतीय संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना (उद्देश्यका) की शपथ दिलाई एवं जिसमें संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने धार्मिक सांस्कृतिक और सभी वर्गों का समानता पर बल देते हुए इसका निर्माण किया जिससे सभी सामाजिक कुरीतियां दूर हो सके।

भारतीय संविधान को पूर्ण तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा था। भारतीय संविधान की संरचना में एक उद्देशिका, लगभग 470 अनुच्छेद से युक्त, 25 भाग, 12 अनुसूचियां हैं। अब तक 127 समिति संविधान संशोधन विधेयक संसद में ले गए हैं, जिनमें से 105 संविधान संशोधन विधेयक पारित होकर संविधान संशोधन का रूप लिए हैं। भारत में संप्रभुता, समाजवाद, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, शक्ति विभाजन सभी भारत की प्रस्तावना में देखने को मिलती है। अंत में समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों दृढ़ संकल्प लिया है कि हमें अपने संविधान को सुरक्षित एवं उसकी हिफाजत करना हमारा प्रत्येक नागरिकों का दायित्व ही नहीं बल्कि परम कर्तव्य है। इस अवसर पर एनसीसी के 100 विद्यार्थी एनएसएस की 50 राजनीति विज्ञान के 200 लगभग 500 छात्राओं ने शपथ ग्रहण और इसके साथ-साथ वाद विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया है। संचालन डॉ. दुर्गेश कुमार लसगरिया एवं आभार योगेश गौर ने किया।

एमजीएम कालेज में राष्ट्रीय कैडट कोर दिवस मनाया

इटारसी, देशबन्धु। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी की राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस के उपलक्ष्य में आज एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान किया। एनसीसी दिवस के मौके पर सरदार वल्लभ भाई सतरस्ते पर पटेल स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किये एवं महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने एनसीसी की शपथ दिलाई। सभी एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी गान का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. मेजर धीरेन्द्र शुक्ल एवं सभी राष्ट्रीय कैडट कोर के 100 कैडेट्स उपस्थित रहे।

सार समाचार

ढाई दशक से हो रहा तुलसी-सालिगराम का विवाह

इटारसी, देशबन्धु। प्रियदर्शिनी नगर कालोनी में पिछले करीब ढाई दशक से एकादशी के अवसर पर शंकर मंदिर के पास तुलसी-सालिगराम के विवाह की परंपरा निभाई जा रही है। आयोजक झलिया परिवार होता है, लेकिन सैंकड़ों लोग इसमें शामिल होते हैं और विवाह की खुशियां मनाते हैं। इस वर्ष इस परंपरा को निभाने का 24 वॉ वर्ष था। न्यास कालोनी में पुरुषोत्तम झलिया परिवार ने इसे एकादशी की अपेक्षा द्वादशी को किया और सामूहिक भोज का आयोजन भी किया। पुरुषोत्तम झलिया बताते हैं कि इस आयोजन की नींव 24 वर्ष पूर्व रखी गयी थी। तुलसी विवाह के दूसरे दिन परिवार ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें नगर के श्रद्धालु, पत्रकार सहित जनता ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग में जय जुनिया को दो स्वर्ण व एक रजत पदक

इटारसी, देशबन्धु। मोतीलाल नेहरू विश्वविद्यालय भोपाल में बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी के अंतर्गत इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में इटारसी के जय जुनानिया को दो स्वर्ण व एक रजत पदक मिला है। प्रतियोगिता में सभी कॉलेजों से प्रत्येक बॉडी वेट ग्रुप में 25 महिला खिलाड़ियों सहित करीब 200 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। निर्णायक भूमिका में देवेंद्र नाहर, यूपी सिंग एवं सोहन राणा रहे। इटारसी के जय जुनानिया ने 66 किलोग्राम वेट ग्रुप में पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वेट लिफ्टिंग 65 किलोग्राम ग्रुप में सिल्वर मैडल हासिल कर नर्मदांचल व इटारसी को गौरवान्वित किया।

बिना सीट बेल्ट लगाए कार चालकों पर जुर्माना, 21 चालान से 15 हजार वसूले

नर्मदापुरम, देशबन्धु। शनिवार को आरटीओ निशा चौहान के साथ परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा माखननगर मार्ग तथा हरदा मार्ग पर बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई। आगे से अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने की हिदायत सभी वाहन चालकों को दी गई। जांच के दौरान 55 वाहनों की जांच में 21 वाहन चालकों को बिना सीट बेल्ट लगाए पाए जाने पर 15000 रुपए की कुल चालानी कार्यवाही की। साथ ही बांद्राभान मेले में पहुंच रहे वाहनों को ओवरलोडिंग न करने तथा अधिक किराया न लेने के लिए आरटीओ अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। साथ ही बांद्राभान मेले की ओर जाने वाले मार्ग पर जगह - जगह किराया सूची के बैनर को लगाकर निर्धारित किराए की जानकारी लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। जिन वाहनों के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाएगा, उन वाहनों के खिलाफ चालानी व जप्ती की कार्यवाही की जाएगी। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि परिवहन विभाग के जांच दल के द्वारा लगातार बांद्राभान मेले मार्ग पर गस्त करते हुए वाहनों की जांच की जाएगी।

मेला शुरू होने के बाद प्रशासन को आई पेंचवर्क और गौवंश की याद

नर्मदापुरम, देशबन्धु। मां नर्मदा एवं तवा के संगम बांद्राभान में 25 नवंबर से 28 नवंबर तक बांद्राभान मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। शनिवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत साहित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। पूजा अर्चना के पश्चात कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ मोटरबोट से मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं मेले के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ज्ञात हो कि कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला सुप्रसिद्ध बांद्राभान मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। मेला शुरू होने के बाद अब नर्मदापुरम-बांद्राभान रोड पर पेंचवर्क का काम चल रहा है, तो वहीं बीच सड़क पर घूम रहे बेसहारा गौवंश की याद भी प्रशासन को अब जाकर आई है। शनिवार को मेला शुरू होने के बाद शाम के समय नगरपालिका नर्मदापुरम के कर्मचारी गायों को पकड़ने की कोशिश करते दिखाई दिए। सैकड़ों की संख्या में मौजूद गौवंश में से कुछ को पकड़ा गया तो कुछ को ब्रिज के ऊपर हाइवे पर कर दिया गया।

आनन-फानन में हो रहा पेंचवर्क

बांद्राभान में मेला शुरू होने के बाद नर्मदापुरम-बांद्राभान रोड पर पेंचवर्क का काम चल रहा है। यह काम आनन फानन में किया जा रहा है। जबकि लगभग एक माह पूर्व से यह निर्धारित था कि मां नर्मदा और तवा के संगम पर 25 से 28 नवंबर तक बांद्राभान मेला लगेगा। इसके लिए 1 नवंबर को कलेक्टर और एसपी ने मेला स्थल का किया निरीक्षण भी किया था। लोगों ने बताया कि जिन जगहों पर पेंचवर्क किया जा रहा है वहां साफ सफाई किए बिना ही गड्डे भरे जा रहे हैं। काम करवा रहे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी आरके गौर ने बताया कि अभी इमरजेंसी में ऐसा काम किया जा रहा है बाद में अच्छे से काम किया जाएगा। वहां उपस्थित ठेकेदार के प्रतिनिधि भोपाल निवासी हिमांशु ने बताया कि अभी यह काम मेले के कारण ऐसा किया जा रहा है। इसके बाद यहां पर अच्छे से काम किया जाना है। सड़क की साफ सफाई के बाद ही पेंचवर्क का काम किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं का ध्यान रख मेला स्थल के पहुंच मार्गों को किया दुरूस्त

जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने बताया कि मेले के सुचारू संचालन के लिए मेला स्थल को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है। विभाजित किए गए सेक्टरों में प्रभारी अधिकारी एवं सहायक अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किए गए है, जिन्हें क्षेत्र आवंटित करते हुये क्षेत्र का दायित्व सौपा गया है। प्रत्येक सेक्टर के लिए सेक्टर अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी जिम्मेदार होंगे। वे अपने सेक्टर में सतत भ्रमण करते हुये व्यवस्था सुचारू सम्पादित कराएंगे। नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सीहोर, भोपाल, राजगढ एवं अन्य जिले से मेले में आने वाले यात्रियों व श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुये मेला स्थल के पहुंच मार्गों को दुरूस्त किया गया है। मुख्य घाट सहित अन्य सभी घाटों के कटाव को पाटकर समतल करते हुये मेले के रेतीले क्षेत्र में आवागमन सुलभ बनाया गया है। शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वाहनों को व्यवस्थित करने व जाम से निजात पाने के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। स्नान के दौरान गहरे पानी में श्रद्धालुओं को डूबने से बचाने व अन्य किसी प्रकार की आपात स्थिति से बचाव के लिए कुशल तैराकों, गोताखोरों एवं नदी में पेट्रोलिंग हेतु मोटर बोट, लाईफ जैकिट, वायरलैस सैट, वॉकी-टॉकी, सर्च लाईट, वॉच टावर इत्यादि की व्यवस्था भी की गई है।

मेले में बनाए गए हैं केंद्र

इसके अलावा खोया-पाया केन्द्र, अस्थाई पशु चिकित्सालय, मधुमक्खी एवं सर्प इत्यादि से बचाव के लिए रेस्क्यू टीम का इंतजाम भी मेला स्थल पर है। अस्थाई शौचालय, चलित शौचालय, स्नान के बाद महिलाओं को कपडे बदलने हेतु अस्थाई चेंजिंग बूथ भी मेला स्थल पर हैं। मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था, भीड एवं ट्रैफिक नियंत्रण तथा हर प्रकार की अप्रत्याशित परिस्थित से निपटने के लिए पुलिस बल और होमगार्ड का बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। मेले में आने वाले यात्रियों के खाने-पीने, चाय-नाश्ते तथा रोजाना की जरूरतों के हिसाब से दूरस्थ क्षेत्रों से आए दुकानदारों ने दुकानें भी स्थापित की है। ऐतिहासिक मेले की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन में समस्त इंतजाम पुख्ता व व्यवस्थित किए गए है। मेले के शुभारंभ के अवसर पर डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, एसडीओपी पराग सैनी, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट राजेश जैन, आरटीओ निशा चौहान, तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

8 वीं की छात्रा परी कुशवाहा का राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

संत रावतपुरा स्कूल ने छात्रा को सम्मानित कर नगर में निकली भव्य रैली

बनखेड़ी,देशबन्धु। संत रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल बनखेड़ी में कक्षा 8 वीं की छात्रा कुमारी परी कुशवाहा का 67 वें राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता में चयनित होने पर स्कूल की तरफ से शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन शाला परिसर में किया गया।

बता दें कि छात्रा परी का स्वागत उपस्थित अतिथियों और नागरिकों ने फूल माला पहनाकर किया। अतिथियों ने छात्रा परी को भविष्य में स्कूल, नगर बनखेड़ी के साथ ही देश का नाम रोशन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने स्कूल संचालक विवेक पलिया, प्राचार्य सुमित मिश्रा और खेल शिक्षक नीरज बाथरे के साथ ही परी की इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर स्कूल के समस्त स्टॉफ को बधाई दी।

कार्यक्रम उपरांत बनखेड़ी नगर में भव्य रैली भी निकाली गई। उक्त रैली स्कूल से लेकर रेल्वे स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर तक निकली गई। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ ही बनखेड़ी नगर के आम लोग शामिल हुए। इस दौरान रैली का भव्य स्वागत राम रहीम चौराहे पर मुस्लिम कमेटी और रेंज ऑफिस के सामने कांग्रेस पार्टी ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके साथ ही विभिन्न मार्गों से रैली निकलने पर छात्रा परी का नागरिकों ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कर पुष्प माला से स्वागत किया। विकासखंड खेल समन्वयक देवेन्द्र उरहा ने बताया

कि 67 वें राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता महाराष्ट्र के नासिक में 25 नवंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि पिछले माह अक्टूबर में भी खेलो एमपी खेल में नर्मदापुरम जिला से एक मात्र एथलेटिक्स लंबी कूद में तीसरे स्थान पर भी परी कुशवाह रही है।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सीएमओ संतोष रघुवंशी, एसआई आकाशदीप पचाय, स्कूल प्राचार्य सुमित मिश्रा, विकासखंड खेल समन्वयक देवेन्द्र उरहा, खेल संघ अध्यक्ष राजेश स्वामी, शिक्षक राजकुमार पाली, पार्षद छोटेलाल पटैल के साथ ही अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव अंतर्गत निकाला नगर कीर्तन

इटारसी, देशबन्धु। श्री गुरुनानक देव जी का 554 वॉ प्रकाशोत्सव 27 नवंबर को गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा में मनाया जाएगा। आज 25 नवंबर को सुबह 9:30 बजे से श्री अखंड पाठ साहब से जयंती समारोह प्रारंभ हुआ।

दोपहर में नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा इटारसी से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, भारत टाकीज रोड, स्टेट बैंक चौराह, सिंधी कालोनी रोड, सूरजगंज, बिन्द्रा गली से होकर मालवीयगंज, पंजाबी मोहल्ला, चामुंडा चौराह, रेस्ट हाउस से होकर वापस गुरुद्वारा में समापन हुआ। नगर कीर्तन में समाज की महिलाओं ने सफेद वस्त्र व केसरी दुपट्टा तथा पुरुष केसरी पगड़ी में रहे।

नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति लकड़गंज ने नगर कीर्तन के अवसर पर पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण कर ऐतिहासिक स्वागत किया। पंचप्यारों का सम्मान सहित पुष्पहार से स्वागत किया। नगर कीर्तन में विशेष रथ पर विराजमान श्री गुरुग्रंथ साहिब की पूजा अर्चना मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे एवं पंडित पीयूष पांडेय ने की। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा के टीटू सलूजा एवं सर्वप्रीत पाली भाटिया का पुष्पहार से स्वागत किया। मंदिर समिति की ओर से सुनील दुबे शिक्षक, सुरेंद्र राजपूत, विजय विश्वकर्मा, महेंद्र पचौरी, जितेंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश कैथवास, गोपाल नामदेव, उदित दुबे, मयंक कलोसिया, शिवराज धोनी ने पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर मंदिर समिति के द्वारा जोरदार आतिशबाजी की गई।

एकता और अनुशासन का संदेश देती है एनसीसीः कलेक्टर

नर्मदापुरम, देशबन्धु। एनसीसी कैडेट्स को एकता और अनुशासन का संदेश देती है। कैडेट चाहे मध्यप्रदेश का हो या हिमाचल या कर्नाटक का, सभी के भाव और कार्य समान होते हैं। एनसीसी के माध्यम से केडिट्स देशभक्ति के साथ ही समाजसेवा और अनुशासन का पाठ पढ़ते हैं। यह बात शनिवार को बीटीआई एनसीसी मैदान पर आयोजित एनसीसी के 75 वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि एनसीसी देश भक्ति ऑर समाज सेवा के लिए केडिट्स में जोश और जज्बा बढ़ाती है। इस दौरान नर्मदापुरम के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज सहित बुदनी स्कूल के एनसीसी कैडेट द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट की सलामी कलेक्टर ने ली। इसके बाद एनसीसी कैडेटस द्वारा देशभक्ति और सामाजिक विषयों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पुलवामा हमले पर आधारित नाटक का मंचन नर्मदा महाविद्यालय के

कैडेटस द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा किए गए जीवंत नाटक को देखकर दर्शक रोमांचित ओर भावुक हो गए। इसी प्रकार समेरिटंस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पोखरण परमाणु विस्फोट पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। स्प्रिंगडेल्स स्कूल की बैंड प्रस्तुति को भी दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। स्थापना दिवस समारोह के संबंध में 13 एमपी बटालियन के कर्नल हरप्रीत सिंह ने कहा कि एनसीसी की स्थापना वर्ष 1948 में सरकार द्वारा की गई है। यह विश्व का किशोरों और युवाओं का सबसे बढ़ा यूनिफार्मड़ संगठन है। इसके माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना का संचार होता है, साथ ही जीवन अनुशासित होता है। उन्होंने सभी बच्चों को इसके लिए शुभकामनाएं दीं। कैडेट्स के लिए रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान बोरा दौड़, चम्मच दौड़, श्री लेग्स दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर नीरज कुमार सिंह रहे तथा एसपी डा गुरकरण सिंह विशेष अतिथि थे। मेजर विश्रुत गोखले, समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एसएनजी के प्राचार्य और एनसीसी अधिकारी जय वर्मा, बुधनी सीएम राइज प्रभारी प्राचार्य सुरेंद्र जमालिया, स्प्रिंडेल्स स्कूल आशीष चटर्जी, फर्स्ट आफिसर विजय गौर, थर्ड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, सीटीओ शेख कमर, शिवकांत मौर्य, मनोज विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

जन्मदिन मनाने जा रहे दोस्तों की कार ट्रक से टकराई, 2 की मौत

इटारसी, देशबन्धु। जिला नर्मदापुरम के सिवनी मालवा निवासी दो युवकों की बीती रात एक सड़क हादसे में मौत हो गयी। एक कार में चार युवक अपनी मित्र का जन्मदिन मनाने एक रेस्टॉरेंट जा रहे थे कि एक बिना लाइट के ट्रैक्टर सामने आ जाने से कार अनियंत्रित हो गयी और एक ट्रक से टकरा गयी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार सिवनी मालवा एसडीएम के रीडर और कम्प्यूटर ऑपरेटर की सड़क हादसे में मौत हुई है। दो अन्य घायल हुए हैं। इस हादसे में यशी पांडे और राम कृष्ण सिंह की मौत हुई है। जिला अस्पताल के डॉ. आदित्य सिंह बघेल ने इस मामले में पुष्टि की है। बताया जा रहा है यशी पांडे एसडीएम सिवनी मालवा के

रीडर थे उनका ही जन्मदिन था और वे नर्मदा पुरम की ओर अपने दोस्तों के साथ आ रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। बिना हेड लाइट वाले ट्रैक्टर के कारण कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गयी। शुक्रवार की देर रात हुउ भीषण सड़क हादसे के बाद इनके घरों में मातम छा गया। वहीं हादसे में घायल दो लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है।

सरस्वती विद्या मंदिर पुरानी इटारसी के 45 बच्चों में मिला दृष्टिदोष

इटारसी, देशबन्धु। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय प्राथमिक जांच केंद्र सिंधी कॉलोनी गली नंबर 1 इटारसी और बाबा गोदड़ी वाला धाम के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों की आंखों का परीक्षण किया गया।

आज सरस्वती विद्या मंदिर राजेंद्रपुरा पुरानी इटारसी में निशुल्क बच्चों की आंखों की जांच का कैंप लगाया जिसमें कक्षा 1 से लेकर दसवीं तक के 150 बच्चों की आंखों की जांच की गई जिसमें 45 बच्चे दृष्टि दोष पाए गए। डॉ. सत्यवीर आंख विशेषज्ञ, हेल्थ वर्कर कनक ठाकुर, गोदड़ी वाला धाम सचिव सनमुखदास चेलानी एवं स्टाफ का सहयोग रहा।

गांधी स्टेडियम के धूल भरे मैदान में अभ्यास कर रहे नौनिहाल

- चट मैदान पर अभ्यास से एस्ट्रोटर्फ पर खेलना होता है मुश्किल
- एस्ट्रोटर्फ को मंजूरी मिल चुकी है, बस काम शुरु होना बाकी है

इटारसी, देशबन्धु। वर्षों से एस्ट्रोटर्फ की प्रतीक्षा कर रहे नगर के हॉकी खिलाड़ियों को उस वक्त बेहद खुशी मिली जब उनको पता चला कि इटारसी के लिए एस्ट्रोटर्फ को मंजूरी मिल गयी है। इस बात को भी करीब छह माह से अधिक का वक्त बीत गया है। कई जगह स्थान तलाशने के बाद आखिरकार गांधी मैदान में ही एस्ट्रोटर्फ लगने का निर्णय हुआ और प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गयी। अब खिलाड़ियों को बेसब्री से एस्ट्रोटर्फ का इंतजार है।

आचार संहिता के कारण एस्ट्रोटर्फ लगने की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ते रहे गयी और इटारसी के नौनिहालों को उसी चट मैदान में हॉकी का अभ्यास करना पड़ रहा है, जो अब बीते जमाने की बात हो गयी है। नयी हॉकी रफ्तार वाली है और यह एस्ट्रोटर्फ पर ही खेली जाती है। इसके बिना हॉकी का खिलाड़ी पिछड़ जाता है। लेकिन, शहर के खिलाड़ियों का इंतजार लंबा हो रहा है। जब मंजूरी नहीं मिली थी तो केवल एस्ट्रोटर्फ की मांग थी, मंजूरी मिलने के बाद का इंतजार ज्यादा कठिन लग रहा है। हॉकी कोच कन्हैया गुरयानी कहते हैं कि भविष्य टर्फ मैदान में ही है। कोई भी मौसम रहे, खिलाड़िया के अभ्यास में निरंतरता रहती है।

दस दिसंबर को बाद प्रगति की उम्मीद: उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार आचार संहिता के कारण सभी काम बंद हैं और किसी विभाग में फाइलें आगे नहीं बढ़ रही हैं। पूरा प्रशासकीय अमला चुनावों में व्यस्त रहा है। 3 दिसंबर को आचार संहिता खत्म होने के बाद एक सप्ताह में कामकाज पटरी पर लौटने की उम्मीद है, उसके बाद एस्ट्रोटर्फ की फाइल बढ़ने के आसार हैं। सूत्रों के अनुसार एक कमेटी बनेगी, फाइल मंत्रालय जाएगी, वहां से अनुमति के बाद एस्ट्रोटर्फ की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है।

सवा सौ बच्चे आते हैं हॉकी खेलने : ऐतिहासिक गांधी मैदान पर पांच वर्ष से 30 वर्ष तक के करीब सवा सौ बच्चे रोज हॉकी खेलने, सीखने, हुनर निखारने आते हैं। लेकिन, चट मैदान पर न सिर्फ धूल उनको परेशान करती है, वरन् वे खेल को रफ्तार भी नहीं दे पाते। धूल के कारण गेंद भी तेज नहीं चलती है। आधुनिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ पर खेली जाती है। चट मैदान पर खेलने वाले बच्चे टर्फ मैदान पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं, इसलिए एस्ट्रोटर्फ समय की मांग है और उसी में भविष्य भी है।

टेंडर होने से पहले लग गयी आचार संहिता: एस्ट्रोटर्फ की स्वीकृति के बाद तमाम कागजी कार्यवाही होने को थी। बताया जा रहा था कि खेल मंत्रालय में फाइल पहुंचने के बाद तमाम औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं और बस टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है। जिस दिन यह जानकारी मिली थी, उसके दूसरी दिन ही मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो गयी और आचार संहिता लगने से सारी प्रक्रिया वहीं पर थम गयी है। अब खिलाड़ियों को आचार संहिता समाप्त होकर प्रक्रिया शुरु होने का इंतजार है।

उज्जैन पहुंचे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

मतगणना स्थल का निरीक्षण किया, स्ट्रांग रूम व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली

भोपाल, देशबन्धु। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने शनिवार को उज्जैन में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित मतगणना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन कुमार पुरुषोत्तम ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन को मतगणना की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया।

श्री राजन ने आगामी 3 दिसंबर को उज्जैन जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को भी देखा। मतगणना टेबलों, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

श्री राजन ने मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिये बनायी गई व्यवस्था को देखा। मतगणना स्थल परिसर में स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिये अभ्यर्थियों के मौजूद प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त उज्जैन डॉ. संजय गोयल, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एमएस कवचे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सारंगी के 3 घरों में फिल्मी स्टाइल में हुई डकैती

बदमाशों ने बंधक बनाकर लूटे साढ़े 3 लाख के जेवर और नकदी

झाबुआ, देशबन्धु। झाबुआ जिले के सारंगी में 20-25 बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में डकैती की वारदात की। पड़ोस में रहने वाले तीन भाइयों के घरों को बाहर से बंद कर परिजनों को बदमाशों ने कैद कर लिया। पीड़ित रोहित ने बताया कि 3.50 लाख रूपए से अधिक के जेवरात और घर में रखे 1 लाख नकदी को बदमाश लूट कर ले गए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की रात 3 बजे के करीब यह डकैती की घटना हुई है। रोहित ने बताया कि उसके दो भाइयों सहित खुद के घर में 10 मिनट तक बदमाशों ने उत्पात मचाया और घटना के अंजाम दिया। कियोस्क संचालक रोहित का कहना है कि घटना के वक्त जब मैं जागा, तब डकैतों ने हथियारों के साथ धमकाया। मेरे मुंह पर कंबल ओढ़ा दिया। हथियारों के भय के चलते मैं कुछ कर नहीं सका। रोहित ने बताया कि हम चार भाई पड़ोस में रहते है। कियोस्क संचालक होने के कारण मेरे घर में केश होता है। बदमाशों ने मेरे घर के साथ-साथ दो भाइयों के घर को भी निशाना बनाया। उसके भाई राहुल के घर से 25 हजार रूपए नकदी और देवरात भी चुराए गए। बदमाश राहुल के घर से तीसरे भाई के घर में पहुंचे। इस घर में दादी के चांदी के जेवर और पेटी में रखे 10 हजार रूपए नकद पर बदमाशों ने हाथ साफ कर दिया। पेटलावद पुलिस ने सूचना मिलते ही टीम के साथ पहुंची और पंचनामा बनाया। पेटलावद थाना प्रभारी आरएस बघेल ने बताया कि सारंगी की घटना को लेकर प्रकरण दर्ज कर लिया है। अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 380, 457 में मामला पंजीबद्ध किया गया है। चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

फीडबैक ले रही भाजपा, वीडी से मिले पवैया और कुलस्ते

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को हुए मतदान के बाद राजनीतिक दल नतीजों को लेकर गुणा भाग में जुटे हुए हैं। बैठकों के साथ ही नेता अपने-अपने आंकलन नतीजों को लेकर लगा रहे हैं। प्रदेश भाजपा के दिग्गजों की बैठकों के बाद अब पार्टी नेता भोपाल पहुंचकर विभिन्न सीटों का फीडबैक पार्टी नेताओं को दे रहे हैं। दो दिन पहले पार्टी के कई प्रत्याशी और प्रमुख नेता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा से मिले वहीं आज वरिष्ठ नेता जयभानसिंह पवैया ने भी प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा से भोपाल में मुलाकात की। केन्द्रीय मंत्री और मंडला जिले के निवास सीट से चुनाव लड़े फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की समझा जाता है कि श्री पवैया ने ग्वालियर, चंबल अंचल में पार्टी की चुनावी संभावना से उन्हें अवगत कराया। वहीं कुलस्ते ने मालवा क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्रों के संभावित नतीजों पर चर्चा की है।

दिव्यांगजन सुनेंगे प्रधानमंत्री के मन की बात

भोपाल, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 107 वां संस्करण 26 नवम्बर रविवार को प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को प्रदेश भर में पार्टी नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न सामाजिक संगठन सुनेंगे। बंसल वन स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया सेंटर में दिव्यांगजन भी पार्टी नेताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। रविवार को प्रात: 10 बजे से मीडिया सेंटर में इस कार्यक्रम की शुरुआत वेद पाठ के साथ होगी। वैदिक बटुक वेद पाठ करेंगे। जिसके बाद पार्टी नेता दिव्यांग जनों के साथ 11 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे।

कांग्रेस आज प्रत्याशियों और अभिकर्ताओं को देगी प्रशिक्षण

भोपाल, देशबन्धु। मतदान के बाद अब कांग्रेस मतगणना को लेकर गंभीर है, इसके लिए रविवार को एक दिनी प्रशिक्षण शिविर में प्रत्याशियों और मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना से संबंधित बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। पार्टी ने प्रदेश के सभी 230 प्रत्याशियों और उनके चुनाव अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के लिए बुलाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्याशियों और उनके अभिकर्ताओं को मतगणना के दौरान की जाने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी आएगी और इससे संबंधित नियम भी उन्हें बताए जाएंगे।

बताया गया कि यह प्रशिक्षण 2 हिस्सों में आयोजित किया गया है। मतगणना अभिकर्ताओं को बताया जाएगा कि उन्हें किस प्रकार से सावधानी बरतनी होगी। अभिकर्ताओं को यह भी बताया जाएगा कि हर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबलें मतगणना स्थल पर लगाई जाएंगी। उन्हें बताया जाएगा कि मतपत्रों की गिनती कैसे होती है, मतों की गणना शुरू होने के पहले उन्हें ईवीएम की सील चैक करनी है, इसके बाद चक्रवार परिणाम की घोषणा होने के बाद ही उन्हें चक्र परिणाम की सत्यप्रतिलिपि जरूर लेनी है। इसके अलावा यदि किसी भी तरह का कोई भी संदेह होने पर तत्काल आपत्ति लगाने के बारे में भी प्रत्याशी और अभिकर्ताओं को बताया जाएगा। बैठक में यह भी जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी कि प्रत्याशी के साथ केवल दो अभिकर्ताओं को ही मतगणना केंद्र में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। इसके अलावा कोई अन्य व्यक्ति जैसे सहकारी संस्थान, निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को भी मतगणना स्थल के भीतर नहीं जा सकेगा।

कंट्रोल रूम रखेगा मतगणना पर नजर

मतगणना के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम में राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। यहां तैनात कार्यकर्ता मतगणना की पल-पल की खबर रखेंगे। यहां पर किसी भी तरह की कोई भी गड़बड़ी अथवा संदेहास्पद स्थित होने पर तत्काल सूचित करने के लिए कहा गया।

राज्यपाल ने की कैडेट्स की हौंसला अफजाई, शौर्य और वीरता का हुआ प्रदर्शन

एनसीसी ने किए दुश्मनों के बंकर नष्ट, दिया साहस का परिचय

भोपाल, देशबन्धु। एनसीसी कैडेटों ने अपने शौर्य और वीरता का परिचय देते हुए दुश्मनों के बंकरों को नष्ट करने का तरीका बताया। इसके साथ ही इन बंकरों पर कब्जा कैसे किया जाता है, यह भी दौरान दिखाया गया। इसके बाद ही एयरोमोडेलिंग डिस्प्ले किया गया, जिसमें छोटे जहाजों को बनाकर उसे हवा में उड़ाने के करतब दिखाए गए।

मौका था एनसीसी अपना स्थापना दिवस पर शनिवार को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगू भाई पटेल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और कैडेट्स की हौंसला अफजाई की। कार्यक्रम में सिंधिया स्कूल ग्वालियर से आए बैंड ने मधुर धुनों के साथ मनमोहन प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी इस आयोजन के दौरान दी गईं। राज्यपाल की उपस्थिति में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ एनसीसी जर्नल 2023 का भी अनावरण किया। यह पत्रिका एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन के सार से शामिल करती है, साथ ही राष्ट्र निर्माण की दिशा में केडेट्स द्वारा की गई एनसीसी गतिविधियों की संपूर्ण श्रृंखला को प्रदर्शित करती है। इस विशेष दिन पर एनसीसी केडेट्स और कर्मचारियों ने समग्र रूप से संगठन और राष्ट्र के लिए खुद को समर्पित करने की शपथ भी ली। अपनी स्थापना के बाद से एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है और हमारे देश के युवाओं के बीच चरित्र, नेतृत्व गुणों और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को विकसित करने में सबसे आगे रहा है। गतिशील और प्रभावशाली कार्यों के माध्यम से आज एनसीसी की छवि धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रवाद का पर्याय बन गई, जो युवा उत्साह को प्रेरित कर रही है।

सांची में आयोजित महाबोधि समारोह में मुख्य संघनायक से प्रमुख सचिव ने की भेंट

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह, ने श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी द्वारा चेतियागिरी विहार साँची में आयोजित महाबोधि वार्षिक समारोह के अवसर पर पू.बानगल उपतिस्सनायक थैरो, अध्यक्ष श्रीलंका महाबोधि एवं मुख्य संघनायक जापान से भेंट की। इस अवसर पर श्री सिंह ने गौतम बुद्ध के मुख्य शिष्यों के पवित्र अस्थि अवशेष के दर्शन भी किए।

टीएमसी सांसद की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

महुआ मोइत्रा मामले में सीबीआई जांच शुरू

आचार समिति भी कर चुकी है निष्कासित करने की सिफारिश

नई दिल्ली, देशबन्धु। लोकसभा में पैसा लेकर सवाल पूछने आरोपों से घिरी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के मामले में सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर प्रारम्भिक जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इस मामले में अब महुआ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

फिलहाल प्रारम्भिक जांच में एजेंसी पहले यह सुनिश्चत करेगी कि आरोप जांच के योग्य है अथवा नहीं। अगर इस जांच में सीबीआई को पर्याप्त साक्ष्य मिल जाते हैं तों वह महुआ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच आगे बढ़ा सकती है। मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत के आधार पर मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन्होंने टीएमसी सांसद पर संसद में सवाल पूछने के बदले एक कारोबारी से पैसा लेने का आरोप लगाया था।

संसद सदस्यता भी हो सकती है समाप्त

इस मामले में लोकसभा आचार समिति ने पहले ही महुआ मोइत्रा को दोषी मानते हुए निचले सदन सदन से निष्कासित करने की अपनी सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष के पास भेज दी है। माना जा रहा है कि 4 दिसम्बर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में यह प्रस्ताव लोकसभा में रखा जा सकता है। सदन सहमत हुआ तो टीएमसी सांसद की सदस्यता खत्म हो सकती है।

संयुक्त किसान मोर्चा व सेंट्रल ट्रेड यूनियन ने किया आह्वान

देशभर के किसान-मजदूरों का आज से विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, देशबन्धु। 26-28 नवंबर तक देशभर के राज्यों की राजधानी में किसान और मज़दूर साझा महापड़ाव डालेंगे। इस महापड़ाव का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा और सेंट्रल ट्रेड यूनियन के सांझे मच ने किया है। दिल्ली में मजदूर संगठन संयुक्त रूप से शुरआती दो दिन 26 और 27 नवंबर को दिल्ली के राज्यपाल के ऑफिस के बाहर महापड़ाव डालेंगे, जबकि 28 तारीख को दिल्ली एनसीआर के मज़दूर किसान संसद के पास जंतर मंत्र पर महापड़ाव डालेंगे। 26 अक्टूबर को दिल्ली में सेंट्रल ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच और संयुक्त किसान मोर्चा ने एक आयोजन इसे लेकर फैसला किया था। सभी ने देश की राजधानी में तीन दिन के साझे महापड़ाव को सफल बनाने और इस दौरान उठाने वाले मुद्दों पर अपनी बात रखी। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने सांझा अभियान भी चलाए। इस दौरान उन्होंने पर्चा वितरण किया और लोगों से दिल्ली के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील भी जारी की है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि पूरे देश में मजदूर किसान 26 से 28 नवंबर तक देश के सभी राज्यों के माननीय राज्यपाल महोदयों के कार्यालय पर 3 दिन का महा पड़ावकरने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि महापड़ाव के अंतिम दिन 28 नवंबर 2023 को प्रात: 10:00 बजे से जंतर मंतर नई दिल्ली पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे जिसमें नोएडा ग्रेटर नोएडा से बड़ी संख्या में मजदूर किसान हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने मजदूरों किसानो एवं आम जन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सभी से उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेताओ ने बताया की दिल्ली किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने अन्य लंबित मुद्दों जिसमे एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने ,बिजली संशोधन कानून 2022 की वापसी, लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को न्याय देने का आश्वाशन दिया लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात करते हुए किसानों को धोखा देने का काम किया है।

तेलंगाना में बदलाव की मांग कर रही जनता : शिवकुमार

हैदराबाद, एजेंसी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना के लोग भारत राष्ट्र समिति के शासन से परेशान हैं और राज्य में बदलाव की आकांक्षा रखते हैं। शिवकुमार ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद और बेंगलुरु को देश का जुड़वां राज्य माना जाता है। हैदराबाद के विकास का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्रियों एन चंद्रबाबू नायडू और वाई एस राजशेखर रेड्डी को दिया जाता है। शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में अपने चुनावी वादे पूरे कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में घोषित पांच गारंटी लागू हो चुकी हैं। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने का भरोसा जताते हुए छह गारंटी लागू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और मंत्री केटीआर से स्थिति को समझने के लिए कर्नाटक का दौरा करने का आग्रह किया।

पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिरी, 5 की मौत

नैनीताल, एजेंसी। नैनीताल जिले में शनिवार को दिल्ली के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिर गई। इसमें सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसा नैनीताल के कोटाबाग क्षेत्र में हुआ। घटनास्थल के आसपास काफी मलबा पड़ा है। माना जा रहा है कि इसी वजह से कार चालक ने संतुलन खो दिया। लोगों ने कार को खाई में गिरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि बाघनी गांव में पर्यटकों की कार खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हुई है।

कुवैत गाजा में घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए तैयार

कुवैत सिटी, एजेंसी। कुवैत ने गाजा पट्टी से घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए अपने अस्पतालों और विभिन्न क्षेत्रों की तैयारी की घोषणा की है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स पर कहा, हमारे फिलिस्तीनी भाइयों से घायल लोगों का उपचार करने के लिए कुवैत में संबंधित अधिकारी निरंतर समन्वय और सहयोग बनाए हुए हैं। घायलों को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल सुविधा प्रदान की जाएगी। आधिकारिक कुवैत समाचार एजेंसी के अनुसार कुवैत गाजा पट्टी तक सहायता पहुंचाने के लिए 23 अक्टूबर से मिस्र के उत्तरी सिनाई गवर्नरेट में अल-अरिश हवाई अड्डे के लिए उड़ानें संचालित कर रहा है, जो भोजन और चिकित्सा आपूर्ति, टेंट और एम्बुलेंस ले जाती हैं। गौरतलब है कि हमास और इजरायल के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम पर समझौता हो गया है। समझौते के तहत, हमास इज़रायल में बंद लगभग 150 फ़िलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से करीब 50 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। इसके अलावा, संघर्ष विराम ने एन्क्लेव में अधिक सहायता आपूर्ति की डिलीवरी को सक्षम किया है और क्षेत्र के बाहर इलाज के लिए घायलों और बीमारों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी है।

रूस से गजा भोजी अतिरिक्त 15 टन सहायता

मॉस्को। रूस के आपात मंत्रालय ने गाजा पट्टी के लोगों को अतिरिक्त 15 टन मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक आईएल-76 विमान मिस्र के लिए रवाना किया है। मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, रूस के आपात मंत्रालय गाजा की आबादी के लिए मानवीय सहायता का एक और बैच वितरित करेगा।आईएल-76 विमान 15 टन माल लेकर रवाना हो गया है। इसमें शिशु आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पाद, बिस्तर लिनन, कंबल और स्लीपिंग बैग शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया में कथित हमले के बाद भारतीय छात्र कोमा में

■ 20 वर्षीय छात्र का रॉयल होबार्ट अस्पताल में चल रहा इलाज

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस महीने की शुरुआत में कथित हमले के बाद कोमा में चला गया है।

सिडनी स्थित ब्रॉडकास्टर एसबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, तस्मानिया में 5 नवंबर को सुबह लगभग 4:20 बजे हुए हमले के तुरंत बाद 20 वर्षीय छात्र को रॉयल होबार्ट अस्पताल ले जाया गया। कथित तौर पर उसका दाहिना फेफड़ा खराब हो गया है और उसे ब्रेन सर्जरी करानी पड़ी, यह प्रक्रिया कई घंटों तक चली। घटना के तुरंत बाद, पुलिस ने 25 वर्षीय बेंजामिन डॉज कोलिंग्स को हिरासत में ले लिया, और उस पर हमले का आरोप लगाया - एक अपराध जिसमें अधिकतम 21 साल की जेल की सजा हो सकती है। कोलिंग्स को मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत दे दी गई और उसकी 4 दिसंबर को अदालत में फिर से पेशी है। पुलिस ने एसबीएस हिंदी को बताया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह घटना नस्लीय रूप से प्रेरित है। वहां के एक निवासी जर्मनजीत सिंह गिल ने फेसबुक ग्रुप इंडियन्स इन तस्मानिया पर पोस्ट किया, आरोपी व्यक्ति को जमानत पर रिहा कर दिया गया है, जबकि गरीब आदमी अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। गिल ने कहा, किसी ने बिना किसी कारण के हमारे भाई पर हमला किया, और हम सवाल भी नहीं पूछ सकते? हम पीड़ित की मदद के लिए सामुदायिक समर्थन कर रहे हैं।

चीनी सेना ने म्यांमार सीमा पर शुरू किया सैन्य अभ्यास

बीजिंग, एजेंसी। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शनिवार को चीन-म्यांमार सीमा के चीनी हिस्से पर सैन्य अभ्यास शुरू किया। पीएलए के दक्षिणी थिएटर कमांड के प्रवक्ता तियान जुनली ने आज यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि वार्षिक अभ्यास योजना के तहत पीएलए दक्षिणी थिएटर कमांड ने 25 नवंबर से शुरू होने वाले चीन-म्यांमार सीमा के चीनी हिस्से पर सैन्य अभ्यास करने के लिए सेना इकाइयों का आयोजन किया है।

अभ्यास का उद्देश्य सेना की गतिशीलता, सीमा नियंत्रण और मारक क्षमता का परीक्षण करना है।श्री तियान ने कहा कि दक्षिणी थिएटर कमांड के सैनिक राज्य की संप्रभुता, सीमा स्थिरता और लोगों की सुरक्षा की रक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने अभ्यास की अवधि और सीमा के बारे में कोई जानकारी देने से इंकार किया है। गौरतलब है कि वर्ष 1948 में म्यांमार को ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद केंद्रीय अधिकारियों और जातीय अल्पसंख्यकों के सैन्य समूहों ने देश में गृह युद्ध छेड़ दिया, जो 1990 के दशक तक चला।

बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामला

पॉक्सो मामले बंद करने पर 11 जनवरी को फैसला लेगी अदालत

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर आदेश की घोषणा 11 जनवरी 2024 तक के लिए टाल दी है।

पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) छवि कपूर ने यह कहकर मामले को स्थगित कर दिया कि आदेश तैयार नहीं है। पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट 15 जून को दायर की गई थी, और पिछली सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा इसका विरोध नहीं किया गया था। 1 अगस्त को कथित पीड़िता और उसके पिता ने मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं जताते हुए पुलिस जांच से संतुष्टि व्यक्त की थी। उन्होंने एएसजे कपूर के समक्ष कक्ष में कार्यवाही में अपना बयान दर्ज कराया था। 4 जुलाई को कोर्ट ने पुलिस की कैंसिलेशन रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता से जवाब मांगा था। पुलिस द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में दायर की गई 550 पेज की रिपोर्ट में कहा गया था कि नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों में कोई पुष्टिकारक सबूत नहीं मिला।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।